Ranchi ● Sunday, 02 February 2025 ● Year : 03 ● Issue : 20 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

बजट 2025-26

5000000.65
करोड़ रुपये का बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किया पेश

11.21 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का प्रस्ताव

मिडिल क्लास को 'मनी-मनी'

शनिवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में वित्त वर्ष 2025-26 का आम बजट पेश किया। सुस्त पड़ती आर्थिक वृद्धि को गति देने के मकसद से एक तरफ जहां मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा लोगों को बड़ी राहत देते हुए 12 लाख रुपये की सालाना आय पर टैक्स छूट की घोषणा की है, वहीं दूसरी तरफ बीमा क्षेत्र में एफडीआई सीमा बढ़ाने समेत अगली पीढ़ी के सुधारों को तेज करने का प्रस्ताव किया है। सीतारमण की इस घोषणा से करीब एक करोड़ और लोग कर के दायरे से बाहर हो जाएंगे। इस बजट से मध्यम वर्ग की बल्ले बल्ले हो गई है। यह उनके लिए मेगा गिफ्ट के समान है। इस वर्ग के लिए इसे 'मनी-मनी' बजट भी कहा जा सकता है, क्योंकि उनकी मनी की बचत तो होगी ही, इससे देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। यह निर्मला सीतारमण का लगातार आठवां बजट है। चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

- अब 12 लाख रुपये सालाना आय पर नहीं लगेगा कोई टैक्स
- वेतनभोगियों को 75,000 की मानक कटौती के साथ 12.75 लाख रुपये पर कोई कर नहीं
- करीब एक करोड़ और लोग टैक्स के दायरे से हो जाएंगे बाहर
- बजट में अगली पीढ़ी के सुधारों पर जोर
- विकसित भारत के लक्ष्य के लिए चार इंजन- कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात चिह्नित
- टैक्स स्लैब में किया गया बड़ा बदलाव
- आयकर छूट में नई कर व्यवस्था का विकल्प चुनने को आयकरदाताओं को मिला अवसर
- बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा 74 प्रतिशत से बढ़ाकर की गई 100 फीसद
- इस वित्त वर्ष में कुल व्यय 50.65 लाख करोड़ रुपये रहने का है अनुमान
- चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान
- शुद्ध कर प्राप्तियां 28.37 लाख करोड़ रुपये रहने की संभावना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम बजट को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि ये हर भारतीय के सपनों को पूरा करेगा, विकसित भारत ?के मिशन को आगे ले जाएगा और साथ ही विकास, निवेश और उपभोग को कई गुना बढ़ाएगा। आज देश विकास भी, विरासत भी के मंत्र को लेकर चल रहा है और इस बजट में इसके लिए बहुत महत्वपूर्ण और ठोस कदम उठाए गए हैं।

नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आर्थिक संकट को हल करने के लिए बड़े बदलाव की जरूरत बताई और इसी संदर्भ में शनिवार को संसद में पेश केंद्रीय बजट को गोली के घाव पर केवल मरहम पट्टी करार दिया। उन्होंने यह दावा भी किया कि सरकार विचारों के संदर्भ में दिवालिया हो चुकी है।

राहुल गांधी, एलओपी।

सस्ता
जीवन रक्षक दवाएं, इलेक्ट्रॉनिक सामान एलसीडी-एलईडी टीवी, इलेक्ट्रिक व्हीकल मोबाइल फोन, फुटवियर, फर्नीचर, हैंडबैग।

महंगा
कॉमर्शियल गैस सिलेंडर, सोना, चांदी, दाल, चावल, प्याज, दूध, आटा, सोयाबीन तेल, इंटरेक्टिव फ्लैट, पैनल डिसप्ले।

सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण पर जोर

तेजी से बदल रहे क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य के बीच सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने के बीच भारत ने शनिवार को 2025-26 के लिए रक्षा परिव्यय के रूप में 6,81,210 करोड़ रुपये आवंटित किए, जो चालू वित्त वर्ष के 6.22 लाख करोड़ रुपये के आवंटन की तुलना में मामूली वृद्धि है। पूंजीगत व्यय के लिए कुल 1,92,387 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं जिसमें बड़े पैमाने पर नए हथियार, विमान, युद्धपोत और अन्य सैन्य उपकरण खरीदना शामिल है। वर्ष 2024-25 में पूंजी परिव्यय 1.72 लाख करोड़ रुपये था और संशोधित अनुमान के अनुसार यह राशि 1,59,500 करोड़ रुपये है, जो बताता है कि लगभग 13,500 करोड़ रुपये की राशि अभी तक खर्च नहीं की गई है। अगले वित्त वर्ष के लिए दैनिक कामकाज और वेतन संबंधी राजस्व व्यय 4,88,822 करोड़ रुपये आंका गया है, जिसमें पेंशन के लिए 1,60,795 करोड़ रुपये शामिल हैं।

नए आयकर कानून में 'न्याय' की भावना

कर मोर्चे पर सुधार के तहत सीतारमण ने आयकर प्रावधानों के नियमन संबंधी छह दशक पुराने कानून की जगह एक सरल कानून लाने का प्रस्ताव किया। उन्होंने कहा कि नए आयकर कानून में 'न्याय' की भावना होगी और यह 'पहले विश्वास करो, बाद में जांच करो' के सिद्धांत पर काम करेगा। उन्होंने बजट में की गई तमाम घोषणाओं के बावजूद राजकोषीय मजबूती की राह को नहीं छोड़ा है। वित्त वर्ष 2025-26 में राजकोषीय घाटे के अनुमान को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.4 प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य तय किया गया है।

बाजार से 11.54 लाख करोड़ रुपये का कर्ज

राजकोषीय घाटे की भरपाई के लिए सरकार अगले वित्त वर्ष में बाजार से 11.54 लाख करोड़ रुपये का कर्ज लेगी। वित्त मंत्री ने पूंजीगत व्यय का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार अगले वित्त वर्ष में 11.21 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय करेगी। सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का बजट अनुमान रखा था लेकिन संशोधित अनुमानों के मुताबिक, व्यय 10.18 लाख करोड़ रुपये रहेगा।

उधारी को छोड़ कुल प्राप्तियां 34.96 लाख करोड़

सीतारमण ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में कुल व्यय 50.65 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। शुद्ध कर प्राप्तियां 28.37 लाख करोड़ रुपये रहने की संभावना है। उधारी को छोड़कर कुल प्राप्तियां 34.96 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। इसके साथ, वित्त वर्ष 2024-25 में कुल व्यय का संशोधित अनुमान 47.16 लाख करोड़ रुपये रखा गया है, जिसमें पूंजीगत व्यय 10.18 लाख करोड़ रुपये है। कर्ज के अलावा कुल प्राप्तियों का संशोधित अनुमान 31.47 लाख करोड़ रुपये है, जिसमें शुद्ध कर प्राप्तियां 25.57 लाख करोड़ रुपये हैं।

खेल बजट में 350 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी

जमीनी स्तर पर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की खोज और उन्हें प्रोत्साहित करने की सरकार की प्रमुख योजना खेलो इंडिया को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में सबसे ज्यादा फायदा दिया है। खेलों के लिए आवंटन में 351.98 करोड़ रुपये की भारी बढ़ोतरी की घोषणा की गई है, जिसका सबसे बड़ा हिस्सा खेलो इंडिया कार्यक्रम को मिलेगा। इस महत्वाकांक्षी योजना को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। यह 2024-25 के 800 करोड़ रुपये के अनुदान से 200 करोड़ रुपये अधिक है। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय को कुल मिलाकर 3,794.30 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। यह रकम पिछले साल की तुलना में 351.98 करोड़ रुपये अधिक है।

बजट की 10 बड़ी बातें...

धन-धान्य कृषि योजना



बजट में वित्त मंत्री ने कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के मकसद से छह नई योजनाओं की घोषणा की तथा सब्सिडी वाले किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) से ऋण प्राप्त करने की सीमा को तीन लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया। वित्त मंत्री ने कहा कि उनका लक्ष्य, देशभर में रोजगार से लेकर फसल उत्पादकता बढ़ाने तक, हर चीज को बढ़ावा देना है। सीतारमण ने कृषि को वृद्धि का पहला इंजन बताया और प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का प्रस्ताव किया।

6 क्षेत्रों पर विशेष फोकस



वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार के पिछले 10 साल के विकास के 'ट्रैक रिकॉर्ड' और संरचनात्मक सुधारों ने वैश्विक स्तर पर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। उन्होंने कहा, इस बजट का लक्ष्य पहले पांच वर्षों के दौरान छह क्षेत्रों- कराधान, बिजली क्षेत्र, शहरी विकास, खनन, वित्तीय क्षेत्र और नियामकीय क्षेत्र में परिवर्तनकारी सुधार शुरू करना है। ये हमारी वृद्धि क्षमता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाएंगे।

1.7 करोड़ किसानों को लाभ

राज्य सरकारों के साथ साझेदारी में लागू की जाने वाली इस योजना से कृषि उत्पादकता बढ़ने, फसल विविधीकरण और कटाई के बाद के बुनियादी ढांचे में सुधार के जरिये 1.7 करोड़ किसानों को लाभ मिलने की उम्मीद है। ग्रामीण बेरोजगारी को दूर करने के लिए सरकार एक व्यापक ग्रामीण समृद्धि और मजबूती कार्यक्रम लागू करेगी। यह कार्यक्रम विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं, युवा किसानों, ग्रामीण युवाओं, सीमांत और छोटे किसानों और भूमिहीन परिवारों पर केंद्रित होगा।

दालों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता

दलहनों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लिए एक बड़े कदम के रूप में छह साल का मिशन अरहर, उड़द और मसूर उत्पादन को बढ़ावा देने पर केंद्रित होगा। इस पहल के तहत, सहकारी संस्थाएं नेफेड और एनसीसीएफ इन एजेंसियों के साथ समझौते करने वाले पंजीकृत किसानों से चार साल तक दालों की खरीद करेंगी।

नया अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र

एक नया अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र मिशन, अधिक उपज, कीट-प्रतिरोधी और प्रतिकूल जलवायु-सहिष्णु बीजों को विकसित करने और प्रचारित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिसमें जुलाई, 2024 से शुरू की गई 100 से अधिक बीज किस्मों को व्यावसायिक रूप से जारी करने की योजना है। इसके अतिरिक्त, एक पांच वर्षीय कपास मिशन उत्पादकता में सुधार और एक्स्ट्रा-लांग स्टेपल कपास किस्मों को बढ़ावा देने पर काम करेगा, जो कपड़ा क्षेत्र के लिए भारत के एकीकृत 5-एफ दृष्टिकोण का समर्थन करेगा।

बिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना

बिहार के मखाना क्षेत्र के उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन में सुधार के लिए एक समर्पित मखाना बोर्ड की स्थापना की जाएगी। बोर्ड किसानों को एफपीओ में संगठित करेगा और सरकार योजना के लाभ तक पहुंच सुनिश्चित करते हुए प्रशिक्षण सहायता प्रदान करेगा।

केसीसी लाभ में उल्लेखनीय वृद्धि

बजट में वित्त मंत्री ने केसीसी लाभ में उल्लेखनीय वृद्धि की घोषणा की है। 7.7 करोड़ किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों के लिए सब्सिडी वाले अल्पकालिक ऋण की सीमा तीन लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने का प्रस्ताव किया।

समुद्री खाद्य निर्यात

मछली और जलीय कृषि में दूसरे सबसे बड़े वैश्विक उत्पादक के रूप में भारत की स्थिति को मान्यता देते हुए 60,000 करोड़ रुपये के समुद्री खाद्य निर्यात के साथ सरकार भारतीय विशेष आर्थिक क्षेत्र और दूर समुद्र में स्थायी मछली पकड़ने के लिए एक रूपरेखा पेश करेगी और इसके लिए विशेष रूप से अंडमान और निकोबार और लक्षद्वीप द्वीप समूह पर ध्यान केंद्रित करेगी।

सहकारी विकास निगम को बढ़ावा

सहकारी क्षेत्र के ऋण संचालन के लिए राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) को समर्थन बढ़ाने की घोषणा की गई है। बागवानी क्षेत्र में, बढ़ती आय के कारण से प्रेरित बढ़ती खपत पद्धति को ध्यान में रखते हुए, सब्जियां, प्रसंस्करण और लाभकारी कीमतों को सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक कार्यक्रम लागू किया जाएगा।

राष्ट्रीय खेल महासंघों को सहायता

राष्ट्रीय खेल महासंघों को सहायता के लिए निर्धारित राशि को भी 340 करोड़ रुपये से मामूली तौर पर बढ़ाकर 400 करोड़ रुपये कर दिया गया है। भारत वर्तमान में 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए एक महत्वाकांक्षी बोली की तैयारी कर रहा है। भारत ने इसके लिए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को एक आशय पत्र प्रस्तुत किया है।

फ्लैट रहा शेयर मार्केट

बजट 2025 पेश होने के बाद 1 फरवरी को सेंसेक्स 5 अंक की तेजी के साथ 77,505 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 26 अंक की गिरावट रही, ये 23,482 के स्तर पर बंद हुआ। बजट के लिए मार्केट खासतौर पर शनिवार के दिन खुला था। वहीं, बीएसई मिडकैप 212 अंक की गिरावट के साथ 42,884 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में तेजी और 14 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 29 में गिरावट और 22 में तेजी रही।



जल जीवन मिशन को प्राथमिकता

बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जल जीवन मिशन का कुल बजटीय परिव्यय बढ़ाकर 67 हजार करोड़ रुपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह मिशन 2028 तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि देश की ग्रामीण आबादी के 80 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करने वाले 15 करोड़ लोगों को 2019 से जल जीवन मिशन से फायदा हुआ है। इस मिशन के तहत नल का पेयजल उपलब्ध कराया जाता है और अगले 3 वर्षों में मिशन का लक्ष्य शत-प्रतिशत लोगों को नल का पेयजल उपलब्ध कराना है।

अगले हफ्ते नया आयकर विधेयक पेश करने का प्रस्ताव

बजट पेश करने के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, मैं अगले हफ्ते नया आयकर विधेयक पेश करने का प्रस्ताव करती हूं। वित्तमंत्री ने कहा कि लोकसभा में प्रत्येक बुनियादी ढांचा मंत्रालय पीपीपी मोड में विकसित की जाने वाली परियोजनाओं की तीन साल की पाइपलाइन लेकर आएगा। 50 साल के ब्याज मुक्त ऋण के माध्यम से राज्यों के बुनियादी ढांचे पर खर्च के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये का परिव्यय प्रस्तावित है। सीतारमण ने कहा, ऋण तक पहुंच में सुधार करने के लिए क्रेडिट गारंटी कवर को बढ़ाया जाएगा। सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए 5 करोड़ से 10 करोड़ रुपये तक, जिससे अगले 5 वर्षों में 1.5 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त ऋण मिलेगा।

विकसित भारत के लिए परमाणु ऊर्जा मिशन



वित्त मंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लिए परमाणु ऊर्जा मिशन के तहत 2047 तक कम से कम 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा का विकास हमारे ऊर्जा परिवर्तन के लिए आवश्यक है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निजी क्षेत्रों के साथ सक्रिय भागीदारी के लिए परमाणु ऊर्जा अधिनियम और परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम में संशोधन किए जाएंगे।

बजट-2025-26 : डॉक्टर, चैंबर अधिकारी, शिक्षक व व्यापारियों ने व्यक्त की अपनी राय

केंद्र सरकार के आम बजट को लोगों ने बताया संतुलित, मध्यम वर्ग को राहत

शनिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी 3.0 सरकार का आम बजट संसद में पेश किया। इसमें वित्त मंत्री ने कई महत्वपूर्ण एलान किए। इसके तहत कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात को विकास के चार इंजन बताया। वहीं आयकर स्लैब में बदलाव किए गए हैं, जिसमें 12 लाख रुपये तक की सालाना आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। इसके अलावा टैक्स स्लैब में कई और बदलाव किए गए है। वहीं किसानों के लिए प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का एलान किया गया। इस बजट पर रांची शहर के लोगों ने भी अपनी रहे व्यक्ति की है। इसमें लोगों ने इस सरकार के बजट को संतुलित बताया। वहीं कुछ लोगों ने कहा कि हेल्थ इंश्योरेंस को जीएसटी से मुक्त किया जाना चाहिए

यह बजट आम जनता का बजट है। इसमें हर वर्ग का ध्यान सरकार ने रखा है। आजादी के बाद यह पहली बार है, जब देश के बहुतायत मध्यमवर्ग के लोगों के लिए बजट पेश किया गया है। इसे देश का समावेशी बजट कहा जा सकता है। इनकम टैक्स स्लैब में बड़ा बदलाव किया गया है। जिससे कि मिडिल क्लास वालों को बड़ी राहत मिलेगी। इन्कम टैक्स में न्यूनतम 80 हजार बचत से भारतीय बाजार को मजबूती मिलेगी। सरकार ने किसान, युवा, रोजगार के अलावा मरीजों और बाजार का भी ध्यान रखा है।

अजय कुमार, बीएयू के रिटायर्ड पीआरओ।

बजट में आयकर स्लैब में सुधार से अधिकांश मध्यम वर्ग के कर्मचारियों को महत्वपूर्ण लाभ हुआ है। जो भी सैलरी वाले वर्किंग लोग है उनके लिए टैक्स में राहत दी गई है। नई पालिसी के तहत, जिनकी आय 12 लाख से कम है वे आयकर देने के लिए बाध्य नहीं होंगे। यह नई टैक्स रेजिम अधिकतर लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए डिजाइन की गई है। कृषि बुनियादी ढांचे में सुधार पर ध्यान केंद्रित करते है। शिक्षा के लिए आवंटन बढ़ा है, जो शैक्षिक बुनियादी ढांचे और डिजिटल शिक्षा तक पहुंच में सुधार पर अधिक जोर देता है। कुल मिलाकर, केंद्रीय बजट 2025 अधिक प्रगतिशील और सहायक है।

डॉ. कुमार एएन शाहदेव, एसोसिएट प्रोफेसर, प्राचार्य मांडर कॉलेज मांडर, रांची विश्वविद्यालय।

समृद्ध एवं विकसित भारत के लिए समावेशी बजट है। गरीब, किसान, युवा और महिलाओं का ध्यान रखा गया है। मेडिकल फील्ड में 75 हजार नए एमबीबीएस सीटें, जिसमें 10 हजार इसी वर्ष से बढ़ाई जाएंगी। वहीं 200 सरकारी अस्पतालों में कैंसर डे केयर सेंटर बनाने, मेडिकल टूरिज्म के लिए इजी वीजा, 36 कैंसर की दवा को टैक्स फ्री करना, मेडिकल इक्विपमेंट सस्ता, इंश्योरेंस सेक्टर में 100 प्रतिशत एफडीआइ करने से मेडिकल इंश्योरेंस में लोगों को ज्यादा लाभ मिलेगा।

डॉ. अभिषेक रामाधीन, उपाध्यक्ष, आईएमए, रांची।

केंद्र सरकार की केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश किया। इसमें मिडिल क्लास को रिझाने का काम किया गया है। 12 लाख स्लैब पर टैक्स नहीं लगाने की बात कही गई है। वहीं 75,000 इसके फायदे भी बताए गए हैं। इसे देखकर मिडिल क्लास खुश हो जाएगा। लेकिन, दिल्ली और बिहार में होने वाले चुनावों को देखते हुए सरकार ने इस बजट में पेश किया है। भले ही मिडिल क्लास फैमिली बीजेपी को अपना बहुमत देगी। लेकिन, जनता सब जान चुकी है। महंगाई चरम सीमा पर है। आर्थिक स्थिति चरमराई हुई है। कुल मिलाकर यह चुनाव का लॉलीपॉप है।

राकेश पासवान, अध्यक्ष, जेजेएमजे।

भारत सरकार द्वारा जो आज बजट पेश किया गया है। यह बजट कंफ्यूज करने वाला बजट है। इस बजट में केंद्र सरकार ने सिर्फ पूंजीपतियों ख्याल रखा है। इस बजट पर मध्य वर्ग एवं गरीब परिवार लोगों के लिए किसी प्रकार का राहत देने का कार्य नहीं किया गया। बजट में झारखंड को अनदेखा किया गया है। जिससे साफ है कि सरकार केवल उन्हीं राज्यों में ध्यान देती है जहां भाजपा की सरकार राज्य में भी है।

अर्जुन यादव, पूर्व महानगर अध्यक्ष, राष्ट्रीय जनता दल।

12 लाख रुपये तक को टैक्स से छूट देने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी को बहुत-बहुत बधाई। सभी वर्ग को ध्यान में रखते हुए यह बजट पारित हुआ है। गरीब, किसान, फसल, स्वास्थ्य शिक्षा, सभी सेक्टर को लेकर सरकार ने योजना तैयार की है। जिससे आने वाले समय में हमारा देश विकास की राह पर आगे बढ़ेगा।

राकेश कुमार सिंह चंदेल, समाजसेवी

आम बजट में हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करने का रोडमैप है। गरीब, युवा, किसान और नारी शक्ति के साथ मध्यमवर्ग को राहत देने वाले इस बजट के लिए प्रधानमंत्री का आभार। वित्त मंत्री ने विकसित भारत के लक्ष्य को पूर्ण करने में हर वर्ग की सहभागिता को सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा है। यह पहली बार हुआ है, जब जोमैटो, स्विग्गी सहित विभिन्न प्लेटफार्म पर जुड़कर घर-घर सामान पहुंचाने का काम करने वाले युवाओं को अलग से पहचान पत्र देने की बात हुई है। इसके साथ ही भारत सरकार उनका बीमा भी करेगी। यह देश के लाखों युवाओं के लिए कल्याणकारी होगा। 12 लाख तक की आय पर किसी तरह इनकम टैक्स नहीं लगेगा। किसान क्रेडिट कार्ड को 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख तक की गई है।

संजय सेठ, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री-सह-सांसद, रांची।

केंद्र की सरकार ने जो बजट पेश किया है, उसमें कुछ नहीं है। बजट में सब घीसा पीटा हुआ है। आमलोगों के लिए बजट में कुछ नहीं है। किसान के लिए कुछ खास नहीं किया गया है बजट। केंद्र ने गरीब विद्यार्थियों के लिए भी कुछ नहीं किया है। बजट में झारखंड के लोगों को पूरी तरह से दरकिनार किया गया है। आखिर सरकार ने जो बजट पेश किया है वह किसके लिए है। बजट में कई चीजें उलझाने वाली है। टैक्स स्लैब को भले ही बढ़ा दिया गया है। लेकिन पुराने टैक्स स्लैब से परेशानी होगी।

गोपाल पांडे, एआईपीसीसी, झारखंड कांग्रेस।

बजट में सिर्फ आयकर दाताओं को राहत दी गई है। निम्न आय या मध्यम आय वर्ग के लोगों की पूरी उपेक्षा की गई है। आईआईटी, मेडिकल में सीटें बढ़ाने की घोषणा सरकार ने की है। लेकिन इन संस्थाओं से निकले छात्रों के रोजगार के अवसर के संबंध में चर्चा नहीं की गई है। सरकार रोजगार सृजित करने की जगह स्टार्टअप के लिए ऋण का लॉलीपॉप लेकर आई है। यह बजट देश की बदहाल आर्थिक व्यवस्था से ध्यान भटकाने की कोशिश है। टैक्स स्लैब में सिर्फ एक लाख की बढ़ोतरी को छिपा कर सरकार अपनी पीठ खुद थपथपा रही है। उच्चतर संस्थाओं से निकले छात्रों का अधिकतम वेतन 10 वर्ष पूर्व जितना था आज भी उतना ही है। यह सरकार की नाकामी का जीता जागता उदाहरण है। हर बार बजट में कई प्रावधान किए जाते हैं। लेकिन उन प्रावधानों को कूड़े के ढेर में फेंक दिया जाता है।

सोनाल शांति, प्रवक्ता, प्रदेश कांग्रेस कमिटी।

अब तक का सबसे कमजोर बजट है। इस बजट से साफ पता चलता है कि खोदा पहाड़ निकली चुहिया। जिन बैसाखी की बदौलत भाजपा सरकार में है उनको मदद करने के लिए पूरे देश के विकास को ताक पर रख दिया। भाजपा ने एकबार फिर झारखंड को छलने का काम किया। लोगों को उम्मीद थी कि बजट में हमारा एक लाख छत्तीस हजार करोड़ रुपये पर चर्चा होगी, लेकिन कुछ नहीं हुआ। इस राज्य से लोकसभा और राज्यसभा मिलाकर 12 सांसद है जिसमें दो मंत्री। लेकिन इनके नकारापन के कारण झारखंड को आम बजट में हाशिए पर धकेल दिया गया।

राकेश सिन्हा, मीडिया प्रभारी, झारखंड प्रदेश कांग्रेस।

समृद्ध एवं विकसित भारत के लिए संतुलित बजट है। हर वर्ग के लोगों का विशेषकर गरीब, किसान, युवा और महिलाओं का ध्यान रखा गया है। मेडिकल फील्ड में हजारों नये एमबीबीएस सीट की बात की गई है। 200 सरकारी अस्पतालों में कैंसर डे केयर सेंटर बनाए जाएंगे। इसके अलावा मेडिकल टूरिज्म के लिए वीजा का सरलीकरण, कैंसर की 36 दवा को टैक्स फ्री करने जैसी घोषणाएं बड़ा कदम साबित होगी। मेडिकल इक्विपमेंट सस्ता होगा। साथ ही इंश्योरेंस सेक्टर में एफडीआइ 100 परसेंट कर दिया गया है।

डॉ. ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह, सचिव, झासा, झारखंड।

2025 के केंद्रीय बजट में आयकर स्लैब में सुधार से अधिकांश मध्यम वर्ग के कर्मचारियों को महत्वपूर्ण लाभ हुआ है। नई टैक्स रेजिम के तहत, जिनकी आय 12 लाख से कम है वे आयकर देने के लिए बाध्य नहीं होंगे। यह नई टैक्स रेजिम अधिकतर लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए डिजाइन की गई है। दोनों बजट कृषि बुनियादी ढांचे में सुधार पर ध्यान केंद्रित करते है। शिक्षा के लिए आवंटन बढ़ा है, जो शैक्षिक बुनियादी ढांचे और डिजिटल शिक्षा तक पहुंच में सुधार पर अधिक जोर देता है। कुल मिलाकर, केंद्रीय बजट 2025 अधिक प्रगतिशील और सहायक है।

राजेश कुमार।

सरकार ने बजट में योजनाएं तो ठीक बनाई है। टैक्स स्लैब में बड़ी राहत देने की घोषणा की गई है। लेकिन हेल्थ इंश्योरेंस में जीएसटी से छूट देनी चाहिए थी। इस पर सरकार ने ध्यान नहीं दिया है। टैक्स पॉलिसी को लेकर भी कुछ कंफ्यूजन है। इसमें जबतक सारी चीजें स्पष्ट नहीं होती तो कुछ भी कहना जल्द बाजी होगी। 12 लाख तक टैक्स फ्री तो अच्छा लग रहा है। लेकिन इसके लिए भी क्या शर्तें है इसे भी जानना होगा।

मोनू गुप्ता, व्यवसायी।

सरकार का ये बजट बहुत ही संतुलित बजट है। जिसमें मध्यम वर्गीय लोगों का ध्यान रखा गया है। टैक्स स्लैब से लेकर युवाओं पर सरकार का फोकस है। एमएसएमई को उत्साहित करने के लिए केंद्र सरकार की बजट योजना बहुत अच्छी है। कुल मिलाकर बजट में सभी वर्गों सभी सेक्टर का ध्यान रखा गया है। स्टार्टअप को बढ़ावा देना युवा शक्ति के लिए एक अच्छा अवसर है। इससे युवा खुद से अपने पैरों पर खड़े हो सकेंगे। इसमें उन्हें सरकार का सहयोग भी मिलेगा।

किशोर मंत्री, एफजेसीसीआई

महिलाओं के हाथों को सशक्त बनाने की दिशा में सरकार को सकारात्मक कदम उठाने चाहिए। महिलाओं को हुनरमंद बनाने के लिए प्रशिक्षण देने की जरूरत है। मुफ्त की योजनाओं पर विराम लगाने की जरूरत है। आखिर केंद्र सरकार केवल घोषणाएं करती है। उसे धरातल पर भी उतारने की जरूरत है।

सृष्टि भारतीय

हेल्थ सेक्टर के प्रमुख फैसले स्वागत योग्य हैं। भारत में मेडिकल टूरिज्म के लिए आसान वीजा उपलब्ध करवाया जाएगा। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का इलाज आसान होगा। देश के 200 जिला अस्पतालों में कैंसर डे केयर सेंटर खोले जाएंगे। कैंसर की 36 दवाइयां भी सस्ती हो जाएंगी। इससे मरीजों को राहत मिलेगी। मेडिकल उपकरण सस्ते होंगे। कई दवाइयों पर टैक्स में छूट मिलेगी, जिससे दवाइयां सस्ती होंगी। राज्यों में सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं के बढ़ोतरी को थोड़ा अनदेखा किया गया है। हेल्थ एक प्रमुख विषय हैं।

डॉ. विकास कुमार

मेडिकल उपकरण सस्ते होंगे। 6 जीवनरक्षक दवाओं पर ड्यूटी कम की गई है। 36 दवाओं पर से बेसिक ड्यूटी घटेगी। कैंसर की दवाएं सस्ती की गई है जो स्वागत योग्य है। मिडिल क्लास को सरकार ने बड़ी राहत दी है। बेरोजगारी दूर होगी। टूरिज्म, मेक इन इंडिया के अलावा बेरोजगारी दूर होगी। स्टार्ट अप पर सरकार ने फोकस किया है। छोटे उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। सीनियर सिटीजन को भी राहत दी गई है।

डॉ. प्रदीप कुमार

कहा जा रहा है को बजट मध्यमवर्गीय के लिए बहुत अच्छा है। लेकिन, चौंकाने वाली बात ये है कि 12 लाख आय तक कर से छूट है। आम आदमी की आय इतनी ऊपर तक कहा हो पाती है। मध्यमवर्ग को कोई फर्क नहीं पड़ा बजट से। उनकी उम्मीद जस की तस है। आखिर सरकार ने केवल बजट के नाम पर लॉलीपॉप दिया है। शिक्षा और रोजगार को लेकर भी केवल घोषणाएं हुई है। इसके भविष्य में क्या परिणाम होंगे। इसे देखने वाला कोई नहीं है।

विकास कुमार, शिक्षक

BRIEF NEWS

हरा राशन कार्ड नहीं बांटने वाले डीलरों को शोकॉज

RANCHI : शनिवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। इसमें विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और वितरण की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। तत्काल आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। राशन वितरण से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा की गई। सबसे पहले हरा राशन कार्ड के वितरण की स्थिति पर चर्चा की गई। इसमें जनवरी 2025 के वितरण में कुछ डीलरों ने जीरो प्रतिशत वितरण किया है, जबकि कुछ डीलरों ने 100 प्रतिशत वितरण किया। जीरो प्रतिशत वितरण करने वाले डीलरों से स्पष्टीकरण मांगा गया और वितरण में सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

मदरसा रहमानिया हिंदपीढ़ी में की गई दुआ की मजलिस

PHOTON NEWS RANCHI :

शनिवार को मदरसा रहमानिया हिंदपीढ़ी में दुआ की मजलिस की गई। मौके पर हाफिज मोहम्मद मिकाइल रहमानी ने कहा कि समीउल हसन आजाद रांची शहर के जाने-माने शख्सियत थे, क्योंकि जब मेरी मुलाकात किसी बात को लेकर हुई थी। फिर इन्होंने मेरी सारी बातें सुनी। कहा, आप बहुत ही अच्छा काम कर रहे हैं। सनम इलाके में यह काबिले तारीफ की बात है और हम लोगों से जो हो सकेगा, हम मदरसा रहमानिया के लिए खड़े रहेंगे। आज से कुछ दिन कबल उनका इंतकाल हो गया है। अल्लाह ताला उनकी मगफिरत फरमाए और उन्हें जन्नतुल फिरदौस में आला से आला मुकाम अता फरमाए। हमेशा उनकी कमी महसूस होगी। मौके पर समीउल हसन आजाद की बेटी शानम ने कहा हमारे वालिद मोहतरम हमेशा नसीहत करते थे। बेटा किसी की जरूरत को पूरी कर देना ही एक इबादत है।

मेदांता को मिला एएचपीआई हेल्थकेयर एक्सीलेंस अवार्ड

- डॉक्टर गिरिधर ज्ञानी बोले- क्रिटिकल केयर सेवाओं और अस्पताल संचालन में उत्कृष्टता के मानकों को सफलतापूर्वक किया पूरा

PHOTON NEWS RANCHI :

एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स ऑफ इंडिया ने मेदांता अब्दुर रज्जाक अंसारी मेमोरियल वीवर्स हॉस्पिटल रांची को क्रिटिकल केयर सेवाओं में उत्कृष्टता के लिए एएचपीआई हेल्थकेयर एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित किया। यह पुरस्कार केरल के कोची में आयोजित ग्लोबल कॉन्क्लेव में मेदांता रांची के एसोसिएट हॉस्पिटल डायरेक्टर विश्वजीत कुमार और हेड ऑफ क्रिटिकल केयर डॉक्टर तापस साहू को प्रदान किया गया। डॉक्टर गिरिधर ज्ञानी ने इस सम्मान के दौरान कहा कि मेदांता रांची ने क्रिटिकल केयर सेवाओं और अस्पताल संचालन में उत्कृष्टता के मानकों को सफलतापूर्वक पूरा किया। अस्पताल ने एएचपीआई द्वारा निर्धारित सभी मापदंडों का पालन किया है, जिससे यह स्पष्ट है कि मेदांता रोगियों को उच्चतम चिकित्सा सेवाएं और विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करता है। विश्वजीत कुमार ने कहा यह सम्मान हमारे प्रयासों की पहचान है। हम भविष्य में भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। डॉक्टर तापस साहू ने भी इस उपलब्धि को टीम की मेहनत का परिणाम बताया।

संत माइकल्स के वार्षिक खेल महोत्सव में बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

PHOTON NEWS RANCHI :

संत माइकल्स कोलंबी में शनिवार को वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें संत माइकल्स प्ले स्कूल के नन्हे छात्रों ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरूआत सीनियर स्कूल के प्रधानाचार्य ने किया। जिन्होंने छात्रों को खेल भावना और टीम वर्क के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान कलेक्ट द बॉल, फ्रॉग रेस और एम द बॉल इंटू द बास्केट जैसे खेलों का आयोजन किया गया। बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिससे कार्यक्रम और भी रोमांचक बन गया। छात्रों ने ड्रिल्स का प्रदर्शन किया। जिसमें उन्होंने खेल से संबंधित प्रॉप्स और गानों के साथ तालमेल बैठाया। विजेताओं को पुरस्कार देते हुए प्रधानाचार्य ने सभी को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी।

पिठोरिया में पुलिस की कार्रवाई, नष्ट की गई दो एकड़ में फैली अफीम की खेती

PHOTON NEWS RANCHI :

पिठोरिया थाना प्रभारी गौतम कुमार राय की अगुवाई में अवैध अफीम की खेती के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो एकड़ में फैली फसल को नष्ट कर दिया। यह अभियान थाना क्षेत्र के पुसु गांव के महुआ जारा चलाया गया। इस मामले में किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। गौरतलब है कि बड़ी मात्रा में अफीम की खेती की जा रही थी। अधिकारियों ने खेतों में खड़ी फसल को नष्ट कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही है। साथ ही नशे के खिलाफ यह कारवाई निरंतर जारी रहेगी। इस अवैध धंधे में लिप्त लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। स्थानीय प्रशासन ने किसानों और आम जनता से अपील की है कि वे अवैध अफीम की खेती से दूर रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस अभियान में थाना प्रभारी गौतम कुमार राय के साथ अवर निरीक्षक सत्यदेव प्रसाद , सुनील दास, एएसआई अमृत प्रसाद मेहता, हवलदार जय कृष्णा राम, विजय सिंह, सुनील टॉपनो, ललित जोजो, सहित सशस्त्र बल की टीम शामिल थी।

एजी चर्च हाई स्कूल में 10वीं के विद्यार्थियों को 9वीं के छात्र-छात्राओं ने दी विदाई

PHOTON NEWS RANCHI :

असेंबली ऑफ गॉड चर्च हाई स्कूल, तिरिल डेला टोली कोकर में शनिवार को कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों ने उन्हें विदाई दी। मुख्य अतिथि रेवरेंट डॉ. जॉन टोप्पो ने छात्रों को अच्छे नागरिक बनने और जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य अजय कुजूर ने छात्रों को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं उप प्राचार्य देवघरिया उरांव ने बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया।

फर्स्ट मार्क पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाया हुनर का कमाल

PHOTON NEWS RANCHI :

फर्स्ट मार्क पब्लिक स्कूल ने सोहराई भवन में शनिवार को 13वां वार्षिकोत्सव संस्कृति धूमधाम से मनाया। मुख्य अतिथि के रूप में डीसी रांची मंजुनाथ भजंत्री मौजूद थे। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान बच्चों ने गणेश वंदना, नागपुरी नृत्य, अंग्रेजी नाटक और भारतीय संस्कृति पर आधारित हिंदी नाटक प्रस्तुत किए। जिनमें बच्चों की प्रतिभा ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वार्षिक रिपोर्ट में विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, खेलकूद गतिविधियों और विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों की सफलता का उल्लेख किया गया। श्रेष्ठ अभिभावक पुरस्कार बिनोद कुमार और मो मेराज शम्सी को दिया गया। मुख्य अतिथि ने बच्चों की कला और कौशल की सराहना करते हुए कहा कि ये बच्चे कल के भारत निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रशासक प्रमोद कुमार ने विद्यालय की उपलब्धियों को साझा करते हुए इसे एक वरदान बताया।

सुविचार

चुनें नहीं, जीवन को स्वीकारें, क्योंकि यह अपनी समग्रता में है। – ओशो

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ● Sunday, 02 February 2025 ● Year : 03 ● Issue : 20 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

12 Priyanka Chopra Recalls A...

SARAFA

सोना	:	7,594
चांदी	:	107.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

पूर्व सीईसी नवीन चावला का निधन

NEW DELHI : पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) नवीन चावला का शनिवार को निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। चावला के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए निर्वाचन आयोग ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में कई सुधार किए, जिसमें तृतीय लिंग के मतदाताओं को पुरुष या महिला के रूप में मतदान करने के लिए बाध्य करने के बजाय एक नयी श्रेणी अन्य के तहत मतदान करने का प्रावधान करना शामिल है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि 16वें सीईसी के तौर पर चावला ने निर्वाचन आयुक्तों को हटाने की प्रक्रिया को सीईसी के समान बनाने के लिए संवैधानिक सुधारों की वकालत की थी। बयान में कहा गया, चुनावी प्रक्रिया के प्रति उनका नेतृत्व और प्रतिबद्धता निर्वाचन आयोग में हमें प्रेरित करती रहेगी।

उपराष्ट्रपति ने संगम में डुबकी लगाई

MAHAKUMBHNAGAR : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को प्रयागराज महाकुंभ में पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ संगम में डुबकी लगाई और सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। धनखड़ पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ हेलीकॉप्टर से तीर्थराज प्रयागराज पहुंचे, जहां हेलीपैड पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंगवस्त्र ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। यहां से वह अरैल संगम घाट की ओर बढ़े, जहां क्रूज पर सवार होकर उन्होंने नौकायन का आनंद लिया और त्रिवेणी संगम में चिह्नित स्थान पर स्नान किया। धनखड़ ने स्वस्ति वाचन की गूंज के बीच संगम में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के दौरान वृंदावन के मुख्य पुजारी पुंडरीक गोस्वामी ने पूजा-अर्चना की। नौकायन के दौरान साइबेरियन पक्षियों को देखकर उपराष्ट्रपति उत्साहित नजर आए।

यूक्रेन में रूसी हमले में पांच की मौत

KYIV : यूक्रेन के शहरों और नगरों पर रात में रूस के ड्रोन एवं मिसाइल हमलों में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस बीच, रूस की सेना यूक्रेन के पूर्वी हिस्से में अपनी आक्रामक बढ़त बनाये हुए है। बताया जा रहा है कि यूक्रेनी पोल्टावा शहर में एक अपार्टमेंट पर रूसी मिसाइल हमले में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। पोल्टावा क्षेत्र के कार्यवाहक गवर्नर वोलोदिमिर कोहुत ने इसकी पुष्टि की।

नौकरशाही

ब्रजेश मिश्र

झारखंड की नौकरशाही वाले मुहल्ले में इन दिनों भूकंप से पहले की शांति है। सबकी निगाहें इस बात पर लगी हैं कि सरकार कब बड़े प्रशासनिक फेरबदल करने का निर्णय लेती है। 2017 बैच के कुछ आईएएस अधिकारी वर्तमान में उपायुक्त के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जबकि कई अब भी जनपद की कमान पाने की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

मंजिल के मुसाफिर...

गुरु अपने कुछ चेलों को साथ लिए टहल रहे थे। नजदीक पहुंचा तो पता चला वह कसरी कानपुरी का शेर दोहरा रहे हैं :- **कोई मंज़िल के करीब आ के भटक जाता है, कोई मंज़िल पे पहुंचता है भटक जाने से...।** गुरु के मुंह से शेर-ओ-शायरी सुनकर रहा नहीं गया। सो, अपनी उपस्थिति का अहसास कराते हुए पूछ लिया। क्या हुआ गुरु? किसके दर्द को आवाज दे रहे हैं? गुरु बोले, बच्चा ये पंक्तियां इन दिनों झारखंड की नौकरशाही के मौजूदा हालात पर बड़ी मौजूं है। पढ़ाई-लिखाई वाले महकमे की सीढ़ियां उतर रहा था। एक नौजवान को हाथ में फाइल लेकर ऊपर चढ़ते हुए देखा। आगे-आगे वह, पीछे-पीछे बॉडीगार्ड। रहा नहीं गया ये दर्द देखकर। कुछ महीने पहले एक खूबसूरत हवा का झोंका आया, लगा बदरी छंट गई, काली रात गुजर गई। शशि का प्रकाश फैलेगा, लेकिन अचानक से सबकुछ थम गया। इंतजार लंबा होता चला गया। वो भी पूरे पांच महीने। ईश्वर किसी को ऐसा दुख न दें। गुरु के दर्द से पूरी संवेदना जताई। सिर हिलाया, लेकिन दिमाग में नया प्रश्न खड़ा हो गया। क्या ऐसा पहली बार हुआ? गुरु बोले, नहीं। पहले भी ऐसा होता रहा है। बाबानगरी से राजधानी

तक पिछले दो चुनावी समर में कुछ ऐसी ही कहानियां दोहराई गईं। युद्ध के समय सेनापति बदले गए। समर थमते ही फिर चहेते का राजतिलक कर दिया गया। मोर्चे पर लड़ने वाले बंकरों में बैठा दिए गए। गुरु के प्रवचन से शेर की पहली लाइन तो स्पष्ट हो गई, अब बात दूसरी पंक्ति पर ठहर गई। गुरु शायद मौन का अर्थ समझ गए। बोले :- इस कहानी के ठीक उलट कुछ लोग बड़े भाग्यशाली रहे। आनन-फानन में कमान मिली और फिर राजयोग शुरू हो गया। राजतिलक तक तो ठीक, राजयोग? पूछा, गुरु राजयोग किसका? गुरु शिष्य की नासमझी से थोड़े खीझ से गए, बोले, इसी लिए कहता हूं, तुम्हें अभी तंत्र को समझने में बहुत समय लगेगा। अरे भाई, लौहनगरी नरेश को भूल गए। सौम्य, शालीन, मृदुभाषी, सहृदय जैसी अनन्य उपमाओं से विभूषित कार्यपालिका के नवरत्न की बात कर रहा हूं। उथल-पुथल के दौर में भी निष्कंटक भाव से पश्चिम दिशा की कमान संभाले रखी। जैसे ही पूर्व में तूफान मचा, बिना देर किए बागडोर थाम ली। आशंका थी कि मौसम सामान्य होने पर घर वापसी हो जाएगी, लेकिन भाग्य भी कोई चीज होती है। कहने वाले कहते हैं कि नरेश के दांपत्य जीवन की शुरूआत होने के साथ ही सारे ग्रह-नक्षत्र सीधी रेखा में आकर बैठ गए। वह दिन है और आज का दिन है, कभी पीछे मुड़ कर देखने की जरुरत नहीं पड़ी। चाहे बात जनपद के कमान की हो या दिल्ली में सम्मान की। हर जगह साहब का जलवा है।

त्वरित टिप्पणी

वीरेंद्र ओझा

केंद्र सरकार की ओर से पेश किए गए बजट को लेकर अलग-अलग लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं हैं। राजनीतिक दलों के लोग जहां दलगत भावनाओं को ध्यान में रखकर टिप्पणी कर रहे हैं। वहीं अधिकांश आर्थिक जानकार बजट को मध्यम वर्ग के लिए बड़ी सौगात बता रहे हैं।

मोदी ने खोला 'दिल'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट शनिवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया। एक घंटे सत्रह मिनट के लंबे भाषण में कुल करीब 50 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया गया। सत्तापक्ष जहां इस बजट को ऐतिहासिक करार दे रहा है, वहीं विपक्ष घोषणाओं पर सवाल खड़े कर रहा है। इन सबके बीच इस बजट में बहुत कुछ ऐसा है, जो सीधे तौर पर आम लोगों के हितों को प्रभावित करने वाला है। इस बार के बजट में मिडिल क्लास को बहुत बड़ी सौगात मिली है। सरकार के नए फरमान के अनुसार अब 12 लाख तक की कमाई पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। नौकरीपेशा लोगों को 75 हजार रुपये का अतिरिक्त स्टैंडर्ड डिडक्शन भी मिलेगा। यानी 12.75 लाख रुपये तक इनकम टैक्स फ्री। हालांकि इसमें दो शर्तें लगाई गई हैं। उस पर अलग से बहस हो सकती है। इनकम टैक्स पर हुए एलान के बाद केंद्र सरकार को डायरेक्ट टैक्स में 1 लाख करोड़ रुपये, वहीं इनडायरेक्ट टैक्स में 2,600 करोड़ के रेवेन्यू का नुकसान हो सकता है। हालांकि इनमें से एक बड़ा हिस्सा वापस सरकार के पास आ जाएगा। सरकार को उम्मीद है कि टैक्स को लेकर हुए बदलाव के बाद लोगों के पास पैसे बचेंगे और लोग यह पैसे दूसरी चीजों पर खर्च करेंगे। इससे विभिन्न सेक्टर में नई ऊर्जा मिलेगी। इनकम टैक्स में बदलाव से लोगों के हाथ में अतिरिक्त पैसे आएंगे। इनकम टैक्स के अलावा दो और अहम फैसलों की घोषणा की गई है। इसमें टीडीएस यानी टैक्स डिडक्टेड एट सोर्स और टीसीएस यानी टैक्स कलेक्टेड एट सोर्स शामिल है। धारा 194ए के तहत सीनियर सिटीजन को पहले 50 हजार रुपये तक की इंट्रेस्ट इनकम पर टीडीएस लगता था, जिसे अब बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दिया गया है। वहीं, अन्य लोगों के लिए ये इंट्रेस्ट इनकम पर टैक्स 40,000 से बढ़ा कर 50,000 कर दिया गया है। मोदी सरकार के खिलाफ लगातार आवाज उठाने वाले किसानों की समस्याओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है। सरकार ने एग्रीकल्चर को ह्यसेक्टर ऑफ द फ्यूचरह्व यानी भविष्य का क्षेत्र कहा है। अपने बजट में सरकार ने दाल के लिए मिशन लॉन्च करने की बात कही है। इसके अलावा वित्त मंत्री ने किसान क्रेडिट कार्ड के तहत मिलने वाले लोन की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये करने का एलान किया है। इसका फायदा 7.7 करोड़ किसानों को मिलेगा। बिहार के लिए बजट में बहुत कुछ दिया गया है। इसे एक तरफ जहां चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ नीतीश कुमार को राजग के पाले में रखने की कोशिश का हिस्सा माना जा रहा है। बजट में बिहार के लिए ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, पटना आईआईटी का विस्तार, मखाना के लिए अलग से बोर्ड बनाना और मिथिलांचल में बाढ़ से निपटने के लिए नई योजना का एलान किया गया है। विपक्ष का दावा है कि पूंजीगत खर्च में ज्यादा बढ़ोतरी नहीं दिख रही है।

बीजापुर में मुठभेड़, सुरक्षाबलों ने आठ माओवादियों को मार गिराया

नक्सल विरोधी अभियान में छत्तीसगढ़ पुलिस व सीआरपीएफ को कामयाबी

BIJAPUR (BHASHA) : छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने शनिवार को मुठभेड़ में आठ माओवादियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से इंसास राइफल और बीजीएल (बैरल ग्रेनेड लॉन्चर) समेत कई हथियार बरामद किए गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, शुक्रवार को गंगालूर में माओवादियों के पश्चिम बस्तर डिवीजन के सशस्त्र माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कोबरा बटालियन के दल को माओवादी विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया। अधिकारियों के अनुसार, माओवादियों ने शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे सुरक्षाबलों के संयुक्त दल पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि माओवादी विरोधी अभियान के दौरान सुबह से लेकर दोपहर बाद तक सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रुक-रुककर कई बार गोलीबारी हुई। अधिकारियों के मुताबिक, मुठभेड़ के बाद जब घटनास्थल की तलाशी ली गई, तब वहां से आठ नक्सलियों के शव और इंसास राइफल व बीजीएल समेत कई हथियार बरामद किए गए। अधिकारियों ने कहा कि मुठभेड़ में कई और माओवादियों के मारे जाने और घायल होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में तलाश अभियान जारी है। इस मुठभेड़ के साथ ही 2025 में छत्तीसगढ़ में अब तक हुई अलग-अलग मुठभेड़ में कम से कम 50 माओवादी मारे जा चुके हैं। राज्य के गरियाबंद जिले में 20-21 जनवरी को हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 16 माओवादियों को मार गिराया था। पिछले साल छत्तीसगढ़ में अलग-अलग मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने 219 माओवादियों को मार गिराया था।

● प्रतीकात्मक तस्वीर

सुरक्षा घेरा तोड़कर कोहली से मिलने मैदान पर पहुंचे प्रशंसक

NEW DELHI (BHASHA) : दिल्ली और रेलवे के बीच यहां अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मैच के दौरान शनिवार को तब सुरक्षा में बड़ी चूक देखने को मिली जब तीन अति उत्साही प्रशंसक विराट कोहली से मिलने के लिए मैदान में उतर गए। प्रशंसकों के लिए अपने क्रिकेट नायकों से मिलने के लिए सुरक्षा घेरा तोड़ना आम बात है लेकिन ऐसा अक्सर अंतरराष्ट्रीय मैचों में देखने को मिलता है

लेकिन कोहली की रणजी ट्रॉफी में 13 साल बाद वापसी करने के कारण दर्शक यहां स्टेडियम में पहुंच रहे हैं जबकि अमूमन रणजी ट्रॉफी मैच खाली स्टेडियम में खेले जाते रहे हैं। इस मैच में कोहली की उपस्थिति के कारण कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है लेकिन इसके बावजूद तीन प्रशंसक 20 से अधिक गार्डों के समूह को चकमा देकर मैदान पर आने में कामयाब रहे। इन तीनों प्रशंसकों को हालांकि तुरंत ही पकड़ लिया गया और वह कोहली के करीब नहीं जा पाए। दिल्ली के ऑफ स्पिनर शिवम शर्मा ने इस घटना पर कहा, लोगों की विराट भैया के प्रति दीवानगी के कारण ऐसा हुआ। ऐसा नहीं होना चाहिए था।

जमशेदपुर आईएमए के पूर्व सचिव डॉ. मृत्युंजय सिंह हुए निलंबित

पलामू आयुक्त की रिपोर्ट पर हुई कार्रवाई

JAMSHEDPUR : आईएमए, जमशेदपुर के पूर्व सचिव डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह को स्वास्थ्य विभाग में पद से निलंबित कर दिया है। उन पर यह कार्रवाई पलामू प्रमंडल के आयुक्त द्वारा विभाग को भेजी गई जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है। आयुक्त ने कहा था कि डॉ. मृत्युंजय सिंह अनुमंडल अस्पताल, छतरपुर में चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर कार्यरत होते हुए, ड्यूटी से अनुपस्थित रहते थे और गलत

तरीके से उपस्थिति पंजिका में उपस्थिति दर्ज करते थे। इस दौरान वे अपने कार्यस्थल से काफी दूर सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत आदित्यपुर स्थित दरभंगा मेडिकल स्टोर में प्रैक्टिस करते थे। जांच में इसकी पुष्टि हुई है।

डोनाल्ड ट्रंप ने उपभोक्ता वित्तीय संरक्षण ब्यूरो के निदेशक को किया बर्खास्त

PALM BEACH (BHASHA) : अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्ववर्ती बाइडन प्रशासन के समय में नियुक्त एक और अधिकारी पर कार्रवाई की है और उपभोक्ता वित्तीय संरक्षण ब्यूरो के निदेशक रोहित चोपड़ा को बर्खास्त कर दिया है। चोपड़ा पूर्ववर्ती डेमोक्रेटिक प्रशासन के अधिक महत्वपूर्ण नियामकों में से एक थे, जो 20 जनवरी को ट्रंप के पदभार ग्रहण करने के बाद से भी इस पद पर कार्यरत थे। ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान, रिपब्लिकन ने चोपड़ा को संघीय व्यापार आयोग के डेमोक्रेट सदस्य के रूप में चुना था। इस फैसले से परिचित एक अधिकारी ने पहचान गुप्त रखते हुए बताया कि चोपड़ा को व्हाइट हाउस ने एक ईमेल के जरिये उनकी बर्खास्तगी की सूचना दी। चोपड़ा सीनेटर एलिजाबेथ वॉरेन की करीबी माने जाते हैं जो ट्रंप के सबसे अधिक निशाने पर रहे हैं। मैसाचुसेट्स डेमोक्रेट सीनेटर वॉरेन ने एक बयान में कहा था कि चोपड़ा के नेतृत्व वाली एजेंसी ने कड़ी मेहनत करने वाले परिवारों को धोखा देने के लिए वॉल स्ट्रीट को जवाबदेह ठहराया और देश भर में अमेरिकियों की बैंकिंग प्रणाली को बंद होने से रोका, जिसमें ओवरड्राफ्ट शुल्क, धार्मिक संगठन और रूढ़िवादी के कारण वित्तीय प्रणाली से बाहर किए गए उपभोक्ता शामिल हैं। कानून के अनुसार चोपड़ा का कार्यकाल पांच साल था, जिसका मतलब था कि वे सीएफपीबी निदेशक के पद पर बने रह सकते थे, लेकिन उन्होंने सार्वजनिक रूप से कहा था कि अगर नए राष्ट्रपति कहेंगे तो वे अपना पद छोड़ देंगे।

सूडान में हमला 54 लोग मारे गए 158 हुए घायल

KAHIRA : सूडान की सेना के खिलाफ लड़ने वाले एक अर्धसैनिक समूह ने ओमडुरमैन शहर में एक बाजार में हमला किया जिसमें 54 लोग मारे गए। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि शनिवार को सबरीन मार्केट में रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) द्वारा किए गए हमले में कम से कम 158 अन्य लोग घायल हो गए। आरएसएफ की ओर से इस संबंध में तत्काल कोई टिप्पणी सामने नहीं आई है। संस्कृति मंत्री एवं सरकार के प्रवक्ता खालिद अल-अलीसिर ने हमले की निंदा करते हुए कहा कि हताहत हुए लोगों में कई महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हमले से ह्यनिजी और सार्वजनिक संपत्तियों को व्यापक रूप से नुकसान पहुंचा है।

नया अध्ययन | डेवलपमेंटल साइंस में प्रकाशित रिपोर्ट में हुआ खुलासा

चार माह के बच्चे भी बता देंगे, कैसे बनती हैं भाषाओं की ध्वनियां

SYDNEY (BHASHA) : बच्चे, नन्हें जासूस होते हैं जो लगातार अपने आस-पास हो रही चीजों के बारे में सुराग जुटाते रहते हैं। आपने कभी गौर किया हो कि जब आप बात कर रहे होते हैं तो आपका बच्चा आपकी ओर बड़े ध्यान से देखता है, क्योंकि वह न सिर्फ मुंह से निकलने वाली ध्वनियों को ही समझ रहा होता, वह यह भी सीख रहा होता है कि वे ध्वनियां कैसे बनती हैं? डेवलपमेंटल साइंस में प्रकाशित हमारे हालिया अध्ययन से पता चलता है कि ध्वनियों को सीखने की यह ललक बच्चे में चार माह की उम्र में ही जागने लगती है। माना जाता रहा है कि बच्चे छह से 12 माह की उम्र के बीच अपनी

मूल भाषा सीखने के बाद ही ध्वनियों पर गौर करना शुरू करते हैं, लेकिन इस अध्ययन से यह धारणा भी टूट गई है। इससे हमें उन बच्चों को जल्द से जल्द समझने में मदद मिलेगी है जिनमें देरी से बोलना सीखने का खतरा हो सकता है।

ध्वनियों को समूह में बांटकर समझते हैं

एक साल का होने तक बच्चे अपनी स्थानीय भाषा की ध्वनियों के प्रति काफी समझ रखने लगते हैं जिसे परसेप्टिक अटैचमेंट कहा जाता है यानी उन्हें समस्वरता का बोध होने लगता है। इसे इस तरह से समझें कि उनका मस्तिष्क ध्वनियों के समूह में से उन ध्वनियों पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास कर रहा होता है जो सबसे अधिक महत्वपूर्ण हैं। लेकिन शुरूआती छह माह में बच्चे उन भाषाओं की ध्वनियों को भी पहचान सकते हैं जिन्हें उन्होंने कभी सुना भी नहीं है। उदाहरण के लिए वे हिंदी भाषा के कुछ भेदों को भी पहचान सकते हैं जो अंग्रेजी बोलने वाले व्यस्कों के लिए भी चुनौतीपूर्ण होता है या मंदारिन (चिनी भाषा) में विशिष्ट ध्वनि की पहचान कर सकते हैं चाहे वे अंग्रेजी बोलने वाले परिवार में पल रहे हों। यह अविश्वसनीय क्षमता हमेशा के लिए नहीं रहती। छह से 12 माह के बीच, बच्चे अपना ध्यान उन ध्वनियों पर देना शुरू कर देते हैं जिन्हें वे अक्सर सुनते हैं। स्वरों के मामले में यह तालमेल लगभग छह माह की उम्र में होता है जबकि व्यंजन के मामले में दस माह की उम्र में। इस तरह से समझें कि बच्चे उन ध्वनियों पर अधिक ध्यान देते हैं जो महत्वपूर्ण हैं, जैसे अंग्रेजी में आर और एल के बीच का अंतर, जबकि वे उन ध्वनियों के प्रति संवेदनशीलता खो देते हैं जिन्हें वे नियमित रूप से नहीं सुनते। अब तक, शोधकताओं का मानना था कि शिशुओं को अधिक जटिल भाषा कौशल सीखने के लिए यह संकुचन प्रक्रिया जरूरी थी जैसे कि यह पता लगाना कि बिन में बी और डिन में डी अलग-अलग हैं क्योंकि एक को बोलने के लिए होठों का ज्यादा इस्तेमाल होता है और दूसरे को बोलने में जीभ का। लेकिन हमारे अध्ययन में पाया गया कि चार माह की उम्र के बच्चे, इस संकुचन के शुरू होने से बहुत पहले ही यह सीख रहे होते हैं कि ध्वनियां कैसे बनती हैं?

लघु भाषाएं सीखना

इसे समझने के लिए एक उदाहरण दिया गया है। मान लीजिए कि आप किसी ऐसे व्यक्ति को सुन रहे हैं जो ऐसी भाषा बोल रहा है जिसे आप नहीं समझते। भले ही आपको शब्द समझ में न आ रहे हों, लेकिन आप देख सकते हैं कि ध्वनि निकालने के लिए उनके होंठ या जीभ कैसे हिलते हैं। चार माह के बच्चे भी ऐसा कर सकते हैं। इसे समझाने के लिए हमने माता-पिता की सहमति के बाद चार से छह माह की उम्र के 34 बच्चों के साथ एक प्रयोग किया। हमने दो काल्पनिक लघु-भाषाओं का उपयोग करके एक पैटर्न-मिलान खेल खेला। एक भाषा में होंठ के इस्तेमाल से बोले जाने वाले शब्द थे जैसे बी और वी, जबकि दूसरी में जीभ के इस्तेमाल से बोले जाने वाले जैसे डी और जेड। बिवावो या डिजालो जैसे प्रत्येक शब्द को एक कार्टून चित्र के साथ जोड़ा गया- होंठ के इस्तेमाल से बोले जाने वाले शब्दों के लिए एक जेलीफिश और जीभ के इस्तेमाल से बोले जाने वाले शब्दों के लिए एक केकड़ा। एक शब्द की रिकॉर्डिंग उसी समय बजाई गई जब शब्द के साथ जोड़ी गई उसकी तस्वीर दिखाई गई। कार्टून को ही इसीलिए चुना गया क्योंकि बच्चे हमें यह नहीं बता सकते कि वे क्या सोच रहे हैं, लेकिन वे अपने दिमाग में कड़ियां जोड़ सकते हैं। इन चित्रों से हमें यह देखने में मदद मिली कि क्या बच्चे प्रत्येक लघु भाषा को सही चित्र से जोड़ सकते हैं। जब बच्चों ने ये लघु भाषाएं सीख लीं और चित्रों का संयोजन सीख लिया, तो हमने चीजों को परखा।

सोना 84,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर स्थिर

NEW DELHI (BHASHA) : राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शनिवार को सोने की कीमत 84,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर स्थिर बनी रही। अखिल भारतीय सराफा संघ यह जानकारी दी। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली इस बहुमूल्य धातु की कीमत में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी आई थी। घरेलू मांग में तेजी के कारण यह 1,100 रुपये उछलकर 84,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। एक जनवरी से अबतक सोने में 5,510 रुपये या सात प्रतिशत की तेजी आ चुकी है। उस दिन स्थानीय बाजार में सोने की कीमत 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोना भी 84,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने सर्वोच्च स्तर पर स्थिर बना रहा। हालांकि, औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निमार्ताओं के सतत उठाव के कारण लगातार चौथे दिन की तेजी के बाद आज चांदी 700 रुपये मजबूत होकर 95,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। शुक्रवार को चांदी 95,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। पिछले चार सत्रों में चांदी 2,700 रुपये बढ़कर 95,700 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है, जो 29 जनवरी को 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। वैश्विक स्तर पर, छुट्टियों के कारण जिंस बाजार बंद रहे। शुक्रवार को कॉमेक्स सोना वायदा 2,862.90 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। बाद में, इसने अपने लाभ को गंवा दिया और 2,835 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ।

समाचार सार

मधुसूदन स्कूल में 'एक्टिव लर्निंग' पर प्रशिक्षण

CHAKRADHARPUR : चक्रधरपुर के आसनतलिया स्थित मधुसूदन पब्लिक स्कूल में एक्टिव लर्निंग विषय पर पांचवां इन हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। इसमें किसी भी विषय को बच्चों को समझाने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। प्रशिक्षुओं को 13 समूह में बांटकर विषय-वस्तु को प्रस्तुत किया गया। इसका उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य के. नागराजू, उप प्राचार्या आरती कोड़वार, विद्यालय प्रशिक्षण के नोडल समन्वयक (एसटीएनसी) दिनेश कुमार चक्रवर्ती व रिसोर्स पर्सन रंजन गोराई व एम सुनीता ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में परिचयात्मक भाषण शिक्षिका पायल सलूजा ने दिया। मंच संचालन विद्यालय के शिक्षक तुलसी नायक ने किया।

फाइलेरिया उन्मूलन को जागरूकता रैली

JAMSHEDPUR : फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 10 से 25 फरवरी तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम चलाया जाएगा। अभियान के प्रति जनजागरूकता को लेकर समाहरणालय परिसर से एनसीसी कैडर द्वारा रैली निकाली गई, जिसे उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर ने शनिवार को झंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त ने बताया कि 10 फरवरी को चिह्नित बूथों पर, वहीं छूटे हुए लोगों को 11 से 25 फरवरी तक दवा प्रशासक घर-घर जाकर अपने सामने डीइसी व एल्बेंडाजोल की खुराक खिलाएंगे। पूर्वी सिंहभूम जिले में यह कार्यक्रम जमशेदपुर शहरी क्षेत्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुगसलाई, पोटका व पटमदा में क्रियान्वित किया जाना है।

खाली पेट नहीं लेनी है दवा : उपायुक्त ने जिले के सभी लोगों से दवा लेने की अपील की है। अभियान के दौरान सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व हेल्थ सब सेंटर, सदर अस्पताल पर लोगों को दवा खिलाई जाएगी। 1-2 साल तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की आधी गोली (200 एमजी) पानी में घोलकर, 2-5 वर्ष तक को डीइसी की एक गोली (100 एमजी), एल्बेंडाजोल की एक गोली (400 एमजी), 6 से 14 वर्ष तक डीइसी की दो गोली (200 एमजी), एल्बेंडाजोल की एक गोली, 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को डीइसी की तीन गोली 300 (एमजी) व एल्बेंडाजोल की एक गोली खिलाई जाएगी। जबकि 1 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं व अत्यंत वृद्ध एवं गंभीर बीमार व्यक्तियों को दवा नहीं दी जाएगी। किसी को भी खाली पेट यह दवा नहीं लेना है।

योजनाओं व म्यूटेशन को दें प्राथमिकता : डीसी

HAZARIBAG : उपायुक्त नैन्सी सहाय ने शनिवार को बड़कागांव अंचल एवं प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह भी मौजूद रहे। अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालय का भ्रमण कर उपस्थिति पंजी, सामान्य रोकड़ पंजी, नामांतरण(म्यूटेशन),एनटीपीसी के लिए अर्जित भूमि का नामांतरण, भू लगान, भंडार कक्ष, कैशबुक, आवंटन पंजी, म्यूटेशन आदि भूमि से संबंधित अन्य मामलों की गहनता से जांच की। जांच के क्रम में कैश बुक,सीएल पंजी,जन शिकायत आदि महत्त्वपूर्ण पंजियों के अद्यतन करने का निर्देश दिया। लगान परिशोधन पोर्टल में आई शिकायतों का तेजी से निष्पादन करने को कहा। इसके साथ ही लगान वसूली लक्ष्य के अनुरूप करने का निर्देश दिया। एलए एक्ट के तहत आने वाली कंपनियों से संबंधित म्यूटेशन के कार्यों में गंभीरता बरतने का निर्देश दिया। 15वें वित्त के तहत योजनाओं के क्रियान्वयन पर कार्य करने को कहा। उन्होंने इस वित्तीय वर्ष प्राप्त आवंटनों के अनुरूप राशि के खर्च को पूर्ण करने का निर्देश दिया।

टाटानगर स्टेशन को मिला ईट राइट सर्टिफिकेशन

JAMSHEDPUR : चक्रधरपुर रेल मंडल के टाटानगर रेलवे स्टेशन को ईट राइट सर्टिफिकेशन मिला है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की ईट राइट स्टेशन पहल स्टेशनों पर सुरक्षित और स्वस्थ भोजन उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। अब तक टाटानगर समेत देश भर के 150 रेलवे स्टेशनों को ईट राइट स्टेशन के रूप में प्रमाणित किया गया है। ईट राइट स्टेशन प्रमाणन प्रक्रिया में खाद्य विक्रेताओं का कठोर ऑडिट, खाद्य संचालकों का प्रशिक्षण और सख्त स्वच्छता और सफाई प्रोटोकॉल का पालन करना शामिल है। टाटानगर रेलवे स्टेशन के कैटरिंग इंसपेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि 27 नवंबर को चेन्नई से दो सदस्यीय टीम ने स्टेशन की खानपान व्यवस्था का आकलन करने के लिए स्टेशन का दौरा किया था। टीम ने स्टेशन के रेस्तरां और स्टॉल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही रेलवे के नल के पानी की टीडीएस प्रतिशत के बारे में जानकारी भी जुटाई। ईट राइट पहल मुख्य रूप से स्टॉल की सफाई, विशेष पंजीकरण आवश्यकताओं के पालन और खानपान की वस्तुओं के उचित भंडारण के लिए लागू किए गए सुरक्षा उपायों पर केंद्रित थी। रेलवे की इस पहल से स्टेशन पर यात्रियों और खाद्य विक्रेताओं दोनों को लाभ होता है। खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता मानकों का पालन सुनिश्चित करके, विक्रेता अपनी विश्वसनीयता बढ़ाते हैं, अधिक संख्या में ग्राहकों को आकर्षित करते हैं, और परिणामस्वरूप, अपने व्यवसाय के प्रदर्शन के समग्र सुधार में योगदान करते हैं।

गोलमुरी के बावन रोड पर चाकू मार कर युवक की हत्या, साथी हुआ घायल

सहकर्मी की फेयरवेल पार्टी से लौट रहे थे सभी, स्कूटी व कार के बीच टक्कर से विवाद

PHOTON NEWS JSR: गोलमुरी थाना क्षेत्र के टिनप्लेट में बावन रोड पर एक व्यक्ति की चाकू मार कर हत्या कर दी गई है। जिस व्यक्ति की चाकू मार कर हत्या की गई है, उसका नाम मनदीप सिंह है। टिनप्लेट कंपनी का प्रशिक्षु मनदीप गोलमुरी के ढाला रोड का रहने वाला है। इस घटना में एक व्यक्ति घायल हुआ है।

घायल को टीएमएच में भर्ती कराया गया है, यहां उसका इलाज चल रहा है। हत्या की इस घटना के बाद गोलमुरी थाना की पुलिस फौरन मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। घटना शुक्रवार देर रात की है। इस मामले में केस दर्ज हो गया है। इसके मुताबिक, टिनप्लेट के पूर्व कर्मचारी अवतार सिंह, उनके पुत्र नवदीप सिंह व उनके साले बलबीर सिंह को नामजद किया गया है। अवतार सिंह ने एक दिन पहले वीआरएस लेकर पार्टी दी थी।

मृतक मनदीप की फाइल फोटो

कार सवार लोगों पर चाकू मारने का आरोप

परिजनों ने बताया कि मनदीप सिंह और रॉक्सन स्मिथ स्कूटी पर टीन प्लेट आ रहे थे, जबकि हमलावर कार पर थे। हमलावर तीन लोग थे। बताते हैं कि कार से स्कूटी को टक्कर लगी। इस पर मनदीप सिंह ने कार ठीक से चलाने को कहा। इसी पर विवाद हुआ और कार सवार लोगों ने उतरकर मनदीप की चाकू मार कर हत्या कर दी और रॉक्सन को घायल कर दिया।

दो संदिग्ध आरोपियों को लिया हिरासत में

घटना होने के बाद परिवार के लोग गोलमुरी थाना पहुंचे। परिवार के लोग आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। दूसरी तरफ पुलिस का कहना है कि उसने घटना से संबंधित दो संदिग्ध आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

टीएमएच में चल रहा रॉक्सन का इलाज

टिनप्लेट कंपनी में दो कर्मचारियों का फेयरवेल था। सभी लोग फेयरवेल में गए हुए थे। फेयरवेल पार्टी में सभी ने शराब पी थी। पार्टी खत्म होने के बाद सभी लोग अपने-अपने घर लौट रहे थे। तभी उनमें वाहन चलाने को लेकर झगड़ा हो गया। इसी बीच बताते हैं कि मनदीप पर चाकू से हमला कर दिया गया। मनदीप को चाकू मार कर घायल कर दिया गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मनदीप ने दम तोड़ दिया, जबकि एक अन्य व्यक्ति रॉक्सन स्मिथ को भी चाकू लगी है। रॉक्सन स्मिथ सिदगोड़ा में क्रॉस रोड 19 के एल बाई 26 क्वार्टर का रहने वाला है। वह गंभीर रूप से घायल है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे इलाज के लिए टीएमएच में भर्ती किया गया है।

गोलमुरी, आजाद नगर व जुगसलाई के थानेदार बदले

एसएसपी ने पुलिस महकमे में कई बदलाव किए हैं। इसमें डीएसपी हेडक्वार्टर-2 का प्रभार डीएसपी सीसीआर मनोज कुमार ठाकुर को मिला है। वहीं, तीन थानों के प्रभारी भी बदले गए हैं। गोलमुरी थाना प्रभारी वंश नारायण सिंह को पटमदा का अंचल निरीक्षक बनाया गया है। आजादनगर के थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक राकेश कुमार सिंह को बिष्टुपुर के यातायात थाना का प्रभारी बनाया गया है। साइबर अपराध थाना के पुलिस निरीक्षक वीरेंद्र कुमार को जुगसलाई यातायात थाना का प्रभारी बनाया गया है। वहीं यातायात थाना के पुलिस निरीक्षक राजन कुमार को गोलमुरी थाने की कमान सौंपी गई है। पुलिस केंद्र गोलमुरी से पुलिस निरीक्षक राजेंद्र मुंडा को हटाकर जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय का सुरक्षा प्रभारी बनाया गया है। पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार को आजादनगर थाना प्रभारी बनाया गया है।

अवैध बालू खनन के खिलाफ छापेमारी दो ट्रैक्टर जब्त

LATEHAR : खनन विभाग ने शनिवार को सिकनी कोलियरी के पास दो ट्रैक्टर को अवैध बालू परिवहन में जब्त किया। जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी ने बताया कि अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण करने वाले किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे। अवैध खनन करने वालों पर विभाग पूरी नजर बनाए हुए है। अवैध खनन व परिवहन पर रोक लगाने के लिए अंचल अधिकारी बालूमाथ द्वारा कोयला वाहनों और अंचल अधिकारी महुआडांड द्वारा नदी घाटों और ट्रैक्टर की जांच की गई। लातेहार जिले में अंचलाधिकारियों द्वारा वाहन चालकों के ईझचालान की जांच की गई और दिशा-निर्देश दिया गया। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि विभागीय अधिकारी अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण करने वालों पर पैनी नजर बनाए रखें। इसमें संलग्न व्यक्तियों पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए कठोर दंडात्मक कार्रवाई करें।

पुलिस ने 12 घंटे के अंदर किया लाखों की चोरी का खुलासा

JAMSHEDPUR : उलीडीह थाना क्षेत्र के सुभाष कॉलोनी में 31 जनवरी को चोरी की घटना की जानकारी पुलिस को मिली थी। यह चोरी की घटना कब हुई यह पता नहीं चल पाया था। भुक्तभोगी रिमझिम कुमारी की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी थी। इस मामले का पुलिस ने 12 घंटे में खुलासा कर दिया है। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने एसएसपी ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि चोरी की इस घटना में उलीडीह थाना की पुलिस ने उलीडीह थाना क्षेत्र के शांति नगर संजय पथ के रहने वाले आदित्य कुमार उर्फ हर्ष को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा एक किशोर को भी पकड़ा गया है। पुलिस ने आदित्य कुमार उर्फ हर्ष को प्रेस कांफ्रेंस करने के बाद एमजीएम अस्पताल में मेडिकल जांच करा के जेल भेज दिया है। इनके पास से चोरी गए सारे जेवरात बरामद हो गए हैं। इसमें सोने की एक चेन, एक नथ, एक मंगटीका, सोने की दो अंगूठी, एक नथ की चेन, सोने की एक छुंछी और एक जोड़ा सोने का झुमका बरामद किया गया है। सिटी एसपी ने बताया कि चोरी की घटना में 25,000 रुपये कैश भी था। उसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आरोपी को ले जाते पुलिसकर्मी

परीक्षा केंद्रों पर रहेगी मजिस्ट्रेट की निगरानी एसडीओ ने की समीक्षा

RAMGARH : 11 फरवरी से शुरू होने वाले मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में सुरक्षा व्यवस्था काफी कड़ी होगी। शनिवार को रामगढ़ एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने जिले के सभी अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और दंडाधिकारियों की मौजूदगी में बैठक की। इस समीक्षा के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा में मुस्तैद रहने का निर्देश दिया। किस तरीके से दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति रहेगी, प्रश्न पत्र कैसे समय पर परीक्षा केंद्रों पर पहुंचेगा और उत्तर पुस्तिका को जमा कराया जाएगा, इस पर विचार विमर्श किया गया। एसडीओ ने बताया कि तैयारियों को लेकर अभी लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं। परीक्षा केंद्र पर दंडाधिकारी हर समय मौजूद रहेंगे। सुरक्षा पदाधिकारियों के साथ तालमेल बैठाकर शांतिपूर्ण माहौल में कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न करनी है।

लेन-देन के विवाद में हुई थी इमामुद्दीन की हत्या, तीन घंटे में केस हुआ सॉल्व

AGENCY PALAMU : पलामू जिले के हैदरनगर बाजार में शुक्रवार दिनदहाड़े हुई मो. ईमामुद्दीन की हत्या लेन देन के विवाद में हुई थी। पुलिस ने इस घटना का तीन घंटे में खुलासा करते हुए आरोपित मुमताज अहमद उर्फ लड्डू को गिरफ्तार किया है। इसके पास से घटना में इस्तेमाल 7.65 एमएम की एक देशी पिस्टल, दो मैग्जिन और आठ जिंदा गोली बरामद की गयी है। साथ ही घटना के वक्त पहने हुए कपड़े, दस्तावेज, मोबाइल भी बरामद हुआ है। जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने शनिवार अपने कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि हैदरनगर बाजार में प्रमोद मेडिकल के समीप बरेवा टोला बहेरवाखाड़ के मो. इमामुद्दीन की शुक्रवार को गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। कांड के त्वरित उदभेदन एवं घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए हुसैनाबाद के एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। अनुसंधान के दौरान पता चला कि मृतक और आरोपित एक दूसरे से परिचित हैं और अगल बगल के गांव में रहते हैं। कार्रवाई के क्रम में जपला रेलवे स्टेशन से आरोपित मुमताज को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपित ने बताया कि मो. इमामुद्दीन उसके साथ उटपटांग बातें करता था एवं धमकी देता था। दोनों के बीच लेनदेन का विवाद था। मृतक लेबर सप्लाई का काम करता था। आरोपित मुमताज को क्रेन ऑपरेटर की नौकरी सूरत में दिलवाई थी। एसपी ने बताया कि हत्या से एक घंटा पहले पुराने मामले को लेकर बाजार में मो. इमामुद्दीन और मुमताज अहमद के बीच विवाद हुआ था। विवाद के तुरंत बाद मुमताज घर जाकर पिस्टल लेकर आया और फिर आते ही ताबड़तोड़ फायरिंग कर इमामुद्दीन की हत्या कर दी।

जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

सर्च अभियान में नौ किलो का आईईडी और देसी कट्टा बरामद

AGENCY PALAMU : 15 लाख के इनामी माओवादी नक्सली नितेश यादव और 10 लाख के ईनामी नक्सली संजय यादव की मौजूदगी की सूचना पर पुलिस की ओर से चलाये गये सर्च अभियान के दौरान पुलिस ने नौ किलो की एक आईईडी बरामद किया है। इस जगह से आईईडी मिली, वहां से एक देसी कट्टा भी मिला। आईईडी और देशी कट्टा को जमीन में गाड़ कर रखा गया था। जमीन से आईईडी निकालने के बाद उसे मौके पर ही विस्फोट करके नष्ट कर दिया गया। घटनास्थल पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत दुधिया गांव में बताया गया है।

पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने शनिवार को बताया कि 15 लाख के इनामी माओवादी नक्सली नितेश यादव और 10 लाख के इनामी नक्सली संजय यादव की मौजूदगी पर हुसैनाबाद-हैदरनगर, पांडू, मोहम्मदगंज, विश्रामपुर थाना पुलिस के अलावा जगुआर, सैट, जैप की अलग अलग टीम संबंधित थाना क्षेत्रों में अभियान चला रही थी। एक टीम हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दुधिया गांव से होकर गुजर रही थी। इसी क्रम में सड़क से सटे बरगद के पेड़ के नीचे नई मिट्टी खुदी हुई दिखी। सर्च करने पर जमीन के अंदर गाड़कर रखा गया नौ केजी की आईईडी बरामद की गयी। बरामद आईईडी स्टील के केन में बम लगाया गया था, वह नया था। एसपी ने बताया कि आईईडी में तार नहीं लगा हुआ था और संभावना है कि उसे छुपाकर रखा गया होगा। विस्फोट करने के लिए लगाने की संभावना नहीं लगती है। एसपी ने बताया कि कुछ दिनों से उपरोक्त इलाके में दोनों इनामी नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिल रही थी। अभियान अभी भी चलाया जा रहा है।

मौके से बरामद विस्फोटक व कट्टा ● फोटोन न्यूज

सड़क दुर्घटना का मुआवजा देने में खूंटी राज्य में पहले नंबर पर

KHUNTI : होटल रेडीशन ब्लू रांची में 31 जनवरी को आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सेमिनार में सड़क दुर्घटना से संबंधित मुआवजा निर्गत करने में जिला परिवहन कार्यालय, खूंटी (सड़क सुरक्षा) को झारखंड में प्रथम स्थान मिला है।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सेमिनार 2025 का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं एवं उससे होनेवाली मृत्यु को कम करना है। इस कार्यक्रम में परिवहन विभाग के सचिव कृपानंद झा, एडीजी झारखंड पुलिस, रोड सेफ्टी सेल के डीआइजी, संयुक्त परिवहन आयुक्त प्रवीण प्रकाश कुमार, सभी जिलों से आये जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक, पथ निर्माण, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

ईसाई धर्म अपना चुके हो समाज के सात सदस्यों ने की घर वापसी

फिर अपने धर्म को अपनाते हो समाज के लोग ● फोटोन न्यूज

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी प्रखंडअंतर्गत कुदमसदा गांव में लगभग एक साल पूर्व ईसाई धर्म अपनाने वाले हो समाज के सात सदस्यों ने सरना धर्म में वापसी की है। सभी को गांव के मुख्य दिउरी सीरपुती लागुरी व सहायक दिउरी बुरजू मेराल ने धर्म वापसी की है। उन्होंने अपने घरों को भी पवित्र किया। ग्राम मुंडा निर्मल लागुरी व आदिवासी हो समाज युवा महासभा के जगन्नाथपुर अनुमंडल अध्यक्ष बलराम लागुरी की उपस्थिति में बुधराम मेराल, उनकी पत्नी सुंदरी करोवा मेराल, कुई पति एवं अन्य चार ने सरना धर्म में वापसी की है। सरना धर्म में वापसी करने वाले 30 वर्षीय बुधराम मेराल ने बताया कि हमारे पिता व परिवार के सदस्य बार-बार बीमार होते थे।

बेटियों व गांव की महिलाओं ने पार्थिव शरीर को दिया कंधा

GHATSILA : पलायन का दर्द झेलने वाले राज्यों में झारखंड का नाम ऊपर आता है. इसका ताजा उदाहरण सामने आया है। घाटशिला प्रखंड में पलायन के कारण गांव के सभी पुरुष रोजगार के लिए दूसरे राज्य में चले गए हैं। यहां रह रहे इकलौते पुरुष की मौत पर महिलाओं ने अर्थी को कंधा दिया। कालचिती पंचायत के रामचंद्रपुर गांव में 28 सबर परिवार रहते हैं। आबादी महज 80 लोगों की है। जंगल के बीच बसे इस गांव के सभी पुरुष तमिलनाडु और केरल में काम करते हैं। इस संबंध में जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू ने बताया कि गांव के एकमात्र पुरुष जुआ सबर (40 वर्ष) की बुधवार की रात मौत गई थी। मृतक की अर्थी को उसकी बेटियों और गांव की महिलाओं ने कंधा देकर अंतिम यात्रा निकाली। मुर्मू ने कहा कि कम से कम 20 युवा रोजगार की तलाश में दूसरे राज्य में पलायन कर गए हैं। बस्ती में जो भी पुरुष है वो बीमार व लाचार हैं। सबरों के आवास जर्जर हो गए हैं। आदिम जनजातियों के प्रति राज्य सरकार संवेदनहीन है। प्रधानमंत्री जनमन योजना से भी सबरों का विकास नहीं हो रहा है। बिचौलियों के कारण सबरों की दुर्दशा हुई है। सबरों की आवास योजना से बिचौलिया को दूर रखना जरूरी है।

शव को ले जातीं बच्चियां

अभियान नशे की खेती के खिलाफ झारखंड पुलिस का बड़ा एक्शन

पुलिस ने 22.5 एकड़ में लगी अफीम पर चला दिया ट्रैक्टर

CHAKRADHARPUR : पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित जंगलों में पुलिस का अवैध अफीम की खेती को नष्ट करने का सिलसिला जारी है। शनिवार को नक्सल प्रभावित घने जंगलों में 22 .5 एकड़ में लगी अफीम की फसल को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट किया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को बंदगांव प्रखंड के टेबो थाना की पुलिस बल ने ग्राम जोनकोपाई में करीब 14 एकड़ मैं लगे पोस्तो की खेती पर ट्रैक्टर चलाकर नष्ट किया। इसके अलावा कराईकेला थाना अंतर्गत ग्राम नवादा, सांडीसाई, उदय नारायणपुर में करीब 5 एक-ड़ और टोकलो थाना क्षेत्र में ग्राम हेसालकुटी, कुदापि में करीब 03.5 एकड़ में फैली अफीम की खेती पर ट्रैक्टर चलाकर नष्ट किया गया।

इस संबंध में पश्चिमी सिंहभूम जिले के एसपी आशुतोष शेखर ने कहा कि मादक पदार्थ का उत्पादन,भंडारण पर अंकुश लगाने के निर्देश के आलोक में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही अफीम का खेती ना कर ग्रामीणों को पारंपरिक खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अगर इसके बाद भी यदि कहीं से अवैध अफीम की खेती से संबंधित जानकारी मिलती है तो वैसे ग्रामीणों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जागरूक अभियान के लिए ग्राम सभा का भी आयोजन किया जा रहा है।

टेबो थाना क्षेत्र में फसल को रौंदता ट्रैक्टर ● फोटोन न्यूज

अफीम की खेती पर मनातू पुलिस की बड़ी कार्रवाई

PALAMU : मनातू थाना अंतर्गत ग्राम टंडवा कुशहा टोला में गैरमजरूआ भूमि पर लगभग 1.5 एकड़ में अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती को मनातू पुलिस, वन विभाग एवं अंचल अधिकारी, मनातू के संयुक्त अभियान के तहत शनिवार को नष्ट किया गया। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसमें संबंधित विभागों की टीम ने मौके पर पहुंचकर पूरी फसल को नष्ट कर दिया। अफीम की खेती से जुड़े अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। नशा कारोबार एवं नशीले पदार्थों की खेती के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस प्रशासन क्षेत्र में नशीले पदार्थों की अवैध खेती, व्यापार और तस्करी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर रहा है तथा आम जनता से सहयोग की अपील करता है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें।

पुलिस ने अफीम की खेती को किया नष्ट

KHUNTI : उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर जिले में अफीम की खेती को विनष्ट करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शनिवार को अड़की, मुरहू प्रखंड सहित अन्य प्रखंडों में अफीम के पौधों को नष्ट किया गया। विनष्टिकरण की कार्रवाई में ट्रैक्टर और अन्य संसाधनों का उपयोग कर अफीम की फसलों को पूरी तरह से नष्ट किया। कार्रवाई में पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। अफीम की खेती करने के मामले में संलिप्त लोगों को चिह्नित कर एफआइआर समेत अन्य कार्रवाई की जा रही है। उपायुक्त ने अफीम की खेती में संलिप्त लोगों से अपील की है कि अफीम की खेती सहित अन्य अवैध गतिविधियों को त्यागकर वैकल्पिक खेती को अपनाएं, ताकि जिले को अफीममुक्त बनाया जा सके। उन्होंने कहा है कि वैकल्पिक खेती करने के लिए कृषकों को जिला प्रशासन द्वारा हर संभव सहयोग किया जाएगा।

कला-साहित्य

कोलकाता और मंदारमणि की यादगार यात्रा

घुमक्कड़ की पाती

हवाई अड्डे से निकलते ही कोलकाता की अद्वितीय ऊर्जा और वहाँ की गाढ़ी संस्कृति का एहसास हुआ। मैंने सबसे पहले हावड़ा ब्रिज का नजारा लिया, जो इस शहर की पहचान है। शाम के समय पुल की रोशनी और उसके नीचे बहती हुगली नदी का दृश्य मेरे दिल में बस गया। इसके बाद विक्टोरिया मेमोरियल में बिताए गए पल इतिहास को छूने जैसा अनुभव था। दक्षिणेश्वर काली मंदिर में गंगा के किनारे की शांति और आध्यात्मिकता ने मुझे पूरी तरह से मोहित कर लिया।

संजय शेफर्ड
नई दिल्ली

1. हमें अपना फीडबैक, सुझाव या टिप्पणियां देने के लिए दिए गए बार कोड को स्कैन करें या मेल करें।
2. आप हमें अपनी रचनाएं, कविता या आलेख भी भेज सकते हैं। जिसे हम अपने आने वाले अंक पर प्रकाशित करेंगे।

SCAN ME

Email- thephotonnewsjharkhand@gmail.com

यात्राएं हमेशा जीवन को नया दृष्टिकोण देती हैं और जब यात्रा में प्रकृति के अद्भुत नजारे और समुद्र की लहरों का संगीत जुड़ जाए तो अनुभव अविस्मरणीय हो जाता है। मेरी यह यात्रा दिल्ली से शुरू हुई, कोलकाता में रुकी और मंदारमणि के अद्भुत समुद्री तटों तक पहुंची। यह एक ऐसा अनुभव था, जिसे शब्दों में बांधना मुश्किल है लेकिन मैं कोशिश करूंगा कि इस यात्रा वृतांत में आपको उस खूबसूरती का अहसास करा सकूं। मेरी यात्रा का पहला पड़ाव दिल्ली से कोलकाता था। मैंने हवाई यात्रा का विकल्प चुना, क्योंकि यह सबसे तेज और सुविधाजनक था। दिल्ली की हलचल भरी जिंदगी से निकलकर कोलकाता का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक माहौल बेहद खास लगा।

हवाई अड्डे से निकलते ही कोलकाता की अद्वितीय ऊर्जा और वहाँ की गाढ़ी संस्कृति का एहसास हुआ। मैंने सबसे पहले हावड़ा ब्रिज का नजारा लिया, जो इस शहर की पहचान है। शाम के समय पुल की रोशनी और उसके नीचे बहती हुगली नदी का दृश्य मेरे दिल में बस गया। इसके बाद विक्टोरिया मेमोरियल में बिताए गए पल इतिहास को छूने जैसा अनुभव था। दक्षिणेश्वर काली मंदिर में गंगा के किनारे की शांति और आध्यात्मिकता ने मुझे पूरी तरह से मोहित कर लिया।

कोलकाता का खाना मेरे लिए एक अलग ही आकर्षण था। रसगुल्ले की मिठास और माछेर झोल की तीव्रता ने मेरे स्वाद को पूरी तरह संतुष्ट कर दिया। एक दिन कोलकाता में बिताने के बाद, मैंने सुबह-सुबह मंदारमणि के लिए रवाना होने का निर्णय लिया। मंदारमणि कोलकाता से लगभग 180 किलोमीटर दूर है। मैंने सड़क मार्ग का सहारा लिया और यह यात्रा हरे-भरे खेतों, छोटे गांवों और नदी के किनारे के सुंदर दृश्यों के बीच से गुजरी। रास्ते में बंगाल के ग्रामीण जीवन की झलकियां देखना एक अनोखा अनुभव था। लगभग चार घंटे के सफर के बाद, जैसे ही मैं मंदारमणि पहुंचा, समुद्र की ठंडी हवा और लहरों की आवाज ने मेरा स्वागत किया।

मंदारमणि एक ऐसा स्थान है, जहाँ समय जैसे रुक सा जाता है। समुद्र का अनंत विस्तार और शांत वातावरण हर यात्री का दिल जीत लेता है। मैंने समुद्र तट पर काफी समय बिताया, जहाँ लहरें लगातार रेत को छूने आती थीं। वहाँ का सूर्यास्त ऐसा था जैसे प्रकृति खुद अपने कैनवास पर रंग भर रही हो। मंदारमणि के पास स्थित मोहना, जहाँ नदी और समुद्र का संगम होता है, वह दृश्य बेहद अद्भुत था। वहाँ मैंने कुछ यादगार तस्वीरें खींचीं और प्राकृतिक सौंदर्य का भरपूर आनंद लिया। समुद्र तट के पास शंख और सीप की दुकानों पर घूमना भी मेरे लिए खास अनुभव रहा। इन दुकानों से मैंने कुछ खूबसूरत गहने और सजावटी वस्तुएं खरीदीं। इसके अलावा, मंदारमणि से थोड़ी दूरी पर स्थित डिगा का समुद्र तट भी देखने लायक था। वहाँ का माहौल परिवार के साथ समय बिताने के लिए बेहतरीन था। मंदारमणि में रहने के लिए मैंने समुद्र के पास स्थित एक रिसॉर्ट चुना। वहाँ से समुद्र का दृश्य अद्भुत था। सुबह की चाय समुद्र की लहरों की आवाज के साथ पीना एक अलग ही आनंद देता है। रिसॉर्ट में सुविधाएं अच्छी थीं और स्टाफ काफी मददगार थे।

मंदारमणि में बिताए दिन मेरे जीवन के सबसे सुकून भरे दिनों में से एक थे। समुद्र की लहरों के साथ खेलना, रेत के किले बनाना और सूरज के ढलने का अद्भुत दृश्य देखना, ये सब अनुभव मेरे दिल में हमेशा के लिए बस गए हैं। वापसी के समय मैंने कोलकाता में कुछ और समय बिताया और वहाँ के बाजारों से बंगाली साड़ियां और हस्तशिल्प खरीदे। यह यात्रा न केवल एक प्राकृतिक अनुभव थी, बल्कि यह आत्मा को तरोताजा करने वाला भी था। दिल्ली की हलचल भरी ज़िंदगी से निकलकर मंदारमणि की शांति ने मुझे नई ऊर्जा दी। यदि आप भी समुद्र की लहरों और प्राकृतिक सौंदर्य के बीच कुछ समय बिताना चाहते हैं तो मंदारमणि आपके लिए एक परफेक्ट डेस्टिनेशन हो सकता है। यह जगह न केवल आपको सुकून देती है, बल्कि आपकी थकान भी मिटा देती है।

डिगा समुद्र तट भी अद्भुत

मंदारमणि से थोड़ी दूरी पर स्थित डिगा समुद्र तट भी मेरे यात्रा कार्यक्रम में शामिल था। डिगा की चहल-पहल और यहाँ के रंग-बिरंगे बाजार इसे मंदारमणि के शांत वातावरण से अलग बनाते हैं। मैंने यहाँ ताजे नारियल पानी का आनंद लिया और स्थानीय बाजार से कुछ हस्तशिल्प खरीदे।

शांतिनिकेतन की नीरवता

मंदारमणि के पास स्थित शांतिनिकेतन पार्क ने मुझे अपने आकर्षक हरियाली और शांतिपूर्ण वातावरण से मोहित कर लिया। यह जगह परिवार के साथ समय बिताने के लिए परफेक्ट है। मैंने यहाँ प्रकृति की गोद में समय बिताया और पेड़ों की छांव तले किताब पढ़ने का आनंद लिया।

मन मोह लेगी वास्तुकला

मंदारमणि के पास स्थित चंदनेश्वर मंदिर धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व का स्थल है। इस मंदिर की वास्तुकला और यहाँ का शांत माहौल दिल को सुकून देता है। मैंने यहाँ पूजा-अर्चना की और स्थानीय लोगों से इस स्थान की कहानियाँ सुनीं। यह जगह मेरे यात्रा अनुभव को आध्यात्मिक रूप से भी समृद्ध कर गई।

समुद्री भोजन का आनंद

खाने की बात करें तो मंदारमणि के समुद्री भोजन का कोई जवाब नहीं। ताजा मछलियाँ, झींगे और केकड़े के व्यंजन यहाँ के खास आकर्षण हैं। मैंने चिंगरी माछेर मालाई करी और इलिश माछ का आनंद लिया और फिर घूमने की शुरूआत हुई। इस यात्रा के दौरान मैंने कई प्रमुख स्थानों का सैर किया जो मेरी यात्रा को और भी यादगार बना गए। सबसे पहले मंदारमणि समुद्र तट पर गया और पाया कि इसकी खूबसूरती के बारे में जितना सुना था, वह उससे कहीं ज्यादा था। जैसे ही मैंने तट पर कदम रखा, समुद्र की ठंडी हवा और लहरों का संगीत मेरे दिल को छू गया। यहाँ का सूर्यास्त मेरे लिए यात्रा का सबसे खूबसूरत हिस्सा था। आसमान में बिखरे रंग और समुद्र की शांत लहरों के बीच बैठकर समय बिताना एक अनोखा अनुभव था। मोहना, जहाँ नदी और समुद्र का संगम होता है एक प्राकृतिक अजूबा है। इस जगह पर जकार तो मेरा मन खुशी से झूम उठा। मैंने यहाँ नाव की सवारी का आनंद लिया और संगम स्थल की सुंदरता को करीब से निहारा। यह जगह पक्षी प्रेमियों के लिए भी खास है, क्योंकि यहाँ कई दुर्लभ पक्षी प्रजातियाँ देखने को मिलती हैं।

राकेश कुमार पाण्डेय
सहायक प्राध्यापक/ रंगकर्मी

आज का दौर

देखो आया है दौर कैसा,
सबसे ऊपर हुआ पैसा।

दोस्ती यारी रिश्तेदारी,
खत्म हो रहे हैं सारे।
पैसों से खरीदे संबंध से
होते वारे न्यारे।।

रोटी ने ममता छीनी,
पैसों ने नम्रता।
आधुनिकता ने नाते छीने,
तकनीक ने गुणवत्ता।

परिस्थितियों ने शब्द छीने,
विचारों ने भाव।
संपन्नता ने विनम्रता छीने,
पद ने स्वभाव।।

चाची, मामी, बुआ, मौसी,
फूफा, मामा, मौसा, चाचा।
अंकल आंटी में ही सबको,
निपटा देता बच्चा।

माता मॉम हुई पिता डैड,
अपने रिमूव, सपने ऐड।
हैंडशेक उत्तम हुआ,
चरण स्पर्श बैड।।

धर्म को गाली देना प्रगति,
पूजा पाठ अंधविश्वास!
दूसरों के चक्कर में करते,
अपनों का उपहास।।

कहे राकेश देखो दुनिया,
रंग दिखाती कैसे कैसे।
मानवता को रौंद कर,
लोग कमाते पैसे।।

अपने स्वार्थ में हमने,
आवरण जो यह ओढ़ा है।
संवेदनाओं की राह में,
सबसे बड़ा रोड़ा है।।

समय नहीं रहा अब,
बाबू भइया का।
प्रभाव बढ़ गया है।
यहां रुपया का।।

व्यंग्य ■ बर्बरीक

पापा नहीं मानेंगे



दिलीप कुमार

एक उस्ताद शायर की ये मानीखेज पंक्तियां बरसों बरस तक आशिकों के जुबानों पर दुआ बनकर आती रहीं थीं, गोया ये बद्दुआ ही थी। इन मरदूद आशिकों को ये इल्म नहीं था कि खुदा किसी को खाक करने की बद्दुआ कभी कुबूल नहीं करते, अलबत्ता इश्क करने वालों को तो खुदा का ही आसरा रहा है, अपनी दुआ, बद्दुआ, इल्तजा सब खुदा के हवाले। मगर ये उस दौर की कहानी थी, जब लड़कियों के पिता की सख्त निगरानी में लड़की से संपर्क करना मुश्किल था। लेकिन, अब दौर दूसरा है, कोई भी किसी से सम्पर्क कर सकता है, अपनी बात कह सकता है। ईमेल, फेसबुक, वाट्सएप मैसेंजर में हाल ए दिल कह सकता है और तुरंत जवाब भी पा सकता है, बिना लड़की के पापा के बीच में आये। एक वक्त था जब लोग इश्क का इजहार करते थे और लड़की की उसमें रुचि नहीं रहती थी तो वो डरते-डरते कहती थी कि 'पापा जान जाएंगे तो?' यानी उसके बाद ठुकाई, कुटाई और ना जाने क्या क्या? लेकिन, अब दौर बदल गया है, अब इश्क में भी ऑप्शन का जमाना है, गये वो जमाने जब इश्क के लिये एक अदद प्यारे दिल की ही जरूरत हुआ करती थी। जिंदगी दो जून की रोटी, सिर छुपाने की छत और तन ढकने के दो कपड़ों पर इश्क परवान चढ़ा करता था, तब पापा जान जाएंगे, से पहले लोग फरार हो जाते थे और उत्साह से कहते थे कि नदिया किनारे रहेंगे और रूखी-सूखी खाकर दुनिया की नजरों से दूर रहेंगे, ताकि पापा जान ना जाएँ हम कहाँ हैं?

फाकामस्ती में मंजनू गाया करते थे

'ये गिजा मिलती है लैला तेरे दीवाने को
खूने दिल पीने को और लख्ते जिगर खाने को'

लेकिन जिस तरह से आर्थिक उदारीकरण ने आर्थिक मंदी का दंश दिया, वैसे ही बदलते दौर में पापा फिर नए तरीके से आए।पापा जान जाएंगे, से पापा नहीं मानेंगे, का रास्ता यूँ ही नहीं तय हुआ। पापा यूँ ही नहीं हैं ऐसे, पापा ने वक्त की चक्की में, जरूरत के पाटों में हर वादे को पिसते देखा है और जमाने से जूझते पापा अपनी औलाद के बेहतर भविष्य के लिए, बकौल पापा-

'मेरे सर पे है जब तक जिम्मेदारियों का पहाड़
मेरे बच्चे मुझे बूढ़ा नहीं होने देते'

यकीनन ये दौर ही ऐसा है जब पापा, बेटी-बेटा दोनों से उसकी जिन्दगी को सेटल करने में राय-मशवरा करते हैं। लेकिन, ये समस्या सिर्फ औलाद की हो, कि पापा उसकी बात नहीं मानेंगे, बल्कि पापा भी कभी-कभी सर्वथा औलाद को अपनी विरासत देने में एड़ी चोटी का जोर लगा देते हैं। पापा नहीं माने, तभी तो गावस्कर ने अपने बेटे को बैटिंग, बच्चन ने अपने बेटे को एक्टिंग कराई, भले ही उसका नतीजा कुछ भी हो। पापा के ना मानने की जिद थी कि यश चोपड़ा के बेटे उदय चोपड़ा और अभिनेत्री तनूजा की बेटी, तनिष्का मुखर्जी ने कुछ साल पहले एक फिल्म बनायी थी

'नील एन निक्की' यशराज बैनर की इस कालजयी फिल्म को देखने के बाद फिल्म क्रिटिक्स ने लिखा था कि तीन घंटे की इस पूरी फिल्म देखने को लिए विशेष प्रोत्साहन राशि की घोषणा करनी चाहिए थी और इसके अलावा फिल्म को बगैर सोए सफलता पूर्वक देखने के लिए ऐसे उत्साही सिने प्रेमियों के लिए दादा साहब फाल्के सम्मान के समान किसी पुरस्कार की घोषणा करनी चाहिए। जब पापा नहीं मानते और मेहनत से हासिल की गयी अपनी राजनीतिक विरासत अपनी संतान को ही सौंपते हैं, भले ही उसमें नेतृत्व के गुण हों या ना हों। लेकिन, राजा की अंतिम इच्छा यही होती है कि राजा अपने बेटे को ही राजा बनाए। हमारा इतिहास इन पापाओं के बात न मानने से रक्तरंजित होता रहा है, लेकिन इतिहास से किसने सबक लिया था। पिता दशरथ के दो वर,अपनी जुबान की लाज रखने के लिए उनके जी का जंजाल बन गए और अंततः उनके प्राण लेकर ही माने। मेघनाथ ने रावण को लाख समझाया कि सीता जी को राम को वापस करके उनसे संधि कर लें, लेकिन पापा रावण कहाँ माने, अपनी जिद से अपना और अपने कुल का नाश कराया। पापा नहीं माने तभी तो महाभारत के बीज पड़े, पहले देवव्रत ने अपने पिता की इच्छा पूरी करने के लिए भीष्म प्रतिज्ञा की और फिर उनकी यही भीष्म प्रतिज्ञा तमाम अधर्म के कृत्यों का आवरण बनी। कहीं पापा नहीं माने, कहीं बेटा नहीं माने। जब-जब राष्ट्र पर पापा की बुद्धि पर पुत्र मोह हावी हुआ, तब-तब कहीं ना कहीं महाभारत हुई। वरना हमारी दुनिया इस रक्तपात से रक्तरंजित ना हुई होती। जॉर्ज बुश सीनियर के बेटे जॉर्ज बुश जूनियर ने इस दुनिया को अपने एडवेंचर के लिए इन जंगों में न झोंका होता। जूनियर बुश के पापा सीनियर बुश नहीं माने, पहले अरब में आग लगायी और फिर वॉर ऑन टेरर के नाम पर पूरे मध्य एशिया और दक्षिण एशिया को कुरुक्षेत्र बना रखा है। पापा नहीं माने, तभी तो पूर्वी भारत के एक बहुत बड़े नेता वर्षों से जेल में हैं, मगर खुद को अपनी पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित करवा लिए। वैसे इनके मेधावी पुत्र अपने अंग्रेजी ज्ञान और इतिहास के ज्ञान से देश के लोगों का खासा मनोरंजन करते रहते हैं। ये पापा की बेटे को राजा बनाने वाली पूरे देश के हर प्रान्त में है और पापा हैं कि मानते ही नहीं। यहां हम माँ के लॉडलों का जिक्र इसलिए नहीं करेंगे, क्योंकि माँ के लॉडलों को 'ममा,ज बॉय' कहकर माफ कर दिया जाता है, वरना इतिहास में इस अनुभवहीनता बात का जिक्र बड़ी दबी जुबान में होता है, जब अपने ही देश से गए लोगों को रेस्क्यू करने के बजाय उनको मारने के लिये सेना भेज दी गयी हो,

'लम्हों ने खता की थी, सदियों ने सजा पायी'

पापा लोगों की भी समस्या है आजकल कोई समय से रिटायर ही नहीं होता, मरते दम तक राज भोगना चाहता है। कुछ समय पहले तक छत्तीस राजनैतिक पद वाले एक परिवार में भी ये समस्या आन खड़ी हुई थी, नए को राज लेना था, पुराना छोड़ने को तैयार नहीं था। रुस्तम और सोहराब आमने सामने, ना कम रघुवर, ना कम कन्हैया (नॉट कुमार)। बड़ा धर्मसंकट था,,

'कैद ये है कि बज्म में हो होंठ सिले
हुक्म ये है कि हर बात जुबानी कहिये'

इसको निपटाने के लिये एक बीच का रास्ता निकाला गया, रुस्तम राष्ट्रीय अध्यक्ष... सोहराब... कार्यकारी अध्यक्ष..., तुम्हारी भी जै-जै, हमारी भी जै-जै, ना तुम हारे,ना हम हारे ,, तो फिर हारा कौन,,,? इस आधुनिक समर में कोई कुछ नहीं खोता, कुछ खोती है तो सिर्फ जनता, अपने सपने,अपनी उम्मीदें।

वरना जिस विचारधारा को लेकर पश्चिम भारत में लोगों ने अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया, जिनसे लड़ने-जूझने के लिए ही जो बने थे, वही विचारधारा दूसरी विचारधारा से ऐसे घुल मिल गयी जैसे दूध में शक्कर। दूध में शक्कर मिल जाए तो अगली स्टेज रबड़ी मलाई ही होती है, लेकिन जिन्होंने लाठियाँ खायीं,संन्घर्ष किया उनका क्या, वो हैरान हैं, दूसरे हैरान शख्स ने उसे समझाया है कि

'तुझे कसम है ,खुदी को बहुत हलाक ना कर
कि तू इस मशीन का पुर्जा है ,पूरी मशीन नहीं'

लोग कहते हैं कि पुत्रों को पापा, पिता और मम्मी की विचारधारा को मानना चाहिये, ये बहुत सही बात है, बड़ों का आदर करना ही चाहिए। पापा मानें या ना मानें, पापा तो मना ही लिए जाते हैं जैसे बिलावल भुट्टो, आसिफ अली जरदारी को इस बात को मनाने के लिए तैयार कर ले गए हैं कि जरदारी जेल में ही रहेंगे, मगर स्विस खातों की डिटेल सरकार को नहीं देंगे।

पापा नहीं मानेंगे के अपने-अपने मायने हैं सियासत, फिल्म, खेल के अलावा अब ये साहित्य में भी अपना जलवा बिखेर रहा है। क्रॉनिक बैचलर और किस्सों की सड़क के लेखक भी इस क्रॉनिक डिजीज से त्रस्त हैं। सूत्र बताते हैं कि बचपन में लड़कियां उनका टिफिन खा लेती थीं और अपनी बारी आने पर टिफिन शेयर करने से मना कर देती थीं, ये कहकर कि पापा नहीं मानेंगे। लेखक मिजाज को विज्ञान पढ़वा डाला कि तुम पढ़ लो, तब मैं मिलूंगी, वरना पापा नहीं मानेंगे। लड़का पढ़-लिख कर नौकरी करने लगा और जब-जब उन सबको उनकी अहद याद दिलाता है तो पहले तो शमार्ती हैं लेकिन थोड़ी देर बाद 'पापा नहीं मानेंगे' कहकर गुडबॉय कर जाती हैं। सुना है, वो किस्सागो पापा नहीं मानेंगे, के ताबड़तोड़ हमलों से त्रस्त होकर अगली पुस्तक शायरी की लिखेगा, जिसमें इस टाइप के शेर होंगे

'भूल शायद बहुत बड़ी कर ली
दिल ने इक बेवफा से दोस्ती कर ली
वो मोहब्बत को खेल समझती रही
हमने बर्बाद जिंदगी कर ली'

खुदा या खैर इस लेखक पर।

अचानक मेरी पत्नी ने मुझसे पूछा 'सुनो, तुमने पापा से बात की थी ना, वो जो मम्मी वाला बड़ा सा हार फालतू में रखा है उसे मैं तुड़वा कर नए डिजाइन के गहने बनवा लूँ... मेरे मुंह से बेसाख्ता निकल पड़ा 'पापा नहीं मानेंगे'।

शांति, संस्कृति एवं शिक्षा का महापर्व है बसंत पंचमी

ललित गर्ग

बसंत पंचमी के साथ, बसंत ऋतु की शुरूआत होती है, जो फसलों की कटाई के लिए एक अच्छा समय है। फाग के राग की शुरूआत भी इसी दिन होती है। फाल्गुन का अर्थ ही है मधुमास। वो ऋतु जिसमें सर्वत्र माधुर्य ही माधुर्य हो, सौन्दर्य ही सौन्दर्य हो। वृक्ष नये पत्तों से सज गये हो, कलियां चटक रही हों, कोयल गा रही हो, हवाएं बह रही हो। ऐसे मधुर मौसम में सरस्वती पूजन वसंत की शुचिता एवं सिद्धि का प्रतीक है, एक ऊर्जा है, एक शक्ति है, एक गति है।

बसंत पंचमी या श्री पंचमी हिन्दुओं का प्रमुख सांस्कृतिक एवं धार्मिक त्यौहार है। इस दिन विद्या की देवी सरस्वती, कामदेव और विष्णु की पूजा की जाती है। यह प्रकृति के सौंदर्य, नई शुरूआत, और सकारात्मकता का उत्सव भी है। इस दिन देवी सरस्वती की पूजा से मन में शांति और ज्ञान का संचार होता है। यह पर्व हमें सिखाता है कि जीवन में शिक्षा, कला, सौन्दर्य और प्रकृति का सम्मान करना कितना महत्वपूर्ण है। शास्त्रों में बसंत पंचमी को ऋषि पंचमी से उल्लेखित किया गया है। प्राचीन भारत और नेपाल में पूरे साल को जिन छह ऋतुओं में बांटा जाता था उनमें बसंत लोगों का सबसे मोहक, मनोरम एवं मनचाहा मौसम था। बसंत पंचमी मन की, जीवन की, संस्कृति की, साहित्य की, संगीत की, प्रकृति की असीम कामनाओं का अनूठा एवं सौन्दर्यमय त्योहार है, जो हर वर्ष माघ मास में शुक्ल पक्ष की पंचमी के दिन मनाया जाता है। दूसरे शब्दों में बसंत पंचमी का दूसरा नाम सरस्वती पूजा भी है। माता सरस्वती को ज्ञान-विज्ञान, सूर-संगीत, कला, सौन्दर्य और बुद्धि की देवी माना जाता है। कहा जाता है कि देवी सरस्वती ने ही जीवों को वाणी के साथ-साथ विद्या और बुद्धि दी थी। इसलिए वसंत पंचमी के दिन हर घर में सरस्वती की पूजा की जाती है, मां सरस्वती की पूजा करने से मां लक्ष्मी और देवी काली भी प्रसन्न होती हैं। बसंत पंचमी के 40 दिन बाद होली का पर्व मनाया जाता है, इसलिए बसंत पंचमी से होली के त्योहार की शुरूआत मानी जाती है।

मान्यता है कि बसंत पंचमी को देवी सरस्वती का जन्म हुआ था। इसी दिन वह हाथों में पुस्तक, वीणा और माला लिए श्वेत कमल पर विराजमान होकर प्रकट हुई थीं। कहा जाता है कि देवी सरस्वती की पूजा सबसे पहले भगवान श्रीकृष्ण ने की थी। मां सरस्वती को बागीश्वरी, भगवती, शारदा, वीणावादनी और वाग्देवी सहित अनेक नामों से पूजा जाता है। देवी भागवत में उल्लेख है कि माघ शुक्ल पक्ष की पंचमी को ही संगीत, काव्य, कला, शिल्प, रस, छंद, शब्द, स्वर व शक्ति की प्राप्ति जीव-जगत को हुई थी। इसीलिये मां सरस्वती को प्रकृति की देवी की उपाधि भी प्राप्त है। पद्मपुराण में मां सरस्वती का रूप प्रेरणादायी है। धर्मशास्त्रों के अनुसार मां सरस्वती का वाहन सफेद हंस है। यही कारण है कि देवी सरस्वती को हंसवाहिनी भी कहा जाता है। देवी सरस्वती विद्या की देवी हैं। देवी का वाहन हंस यही

संदेश देता है कि मां सरस्वती की कृपा उसे ही प्राप्त होती है जो हंस के समान विवेक धारण करने वाला होता है। केवल हंस में ही ऐसा विवेक होता है कि वह दूध का दूध और पानी का पानी कर सकता है। हंस दूध ग्रहण कर लेता है और पानी छोड़ देता है। इसी तरह हमें भी बुरी सोच को छोड़कर अच्छाई को ग्रहण करना चाहिए।

सफेद रंग शांति और पवित्रता का प्रतीक है। यह रंग शिक्षा देता है कि अच्छी विद्या और अच्छे संस्कारों के लिए आवश्यक है कि आपका मन शांत और पवित्र हो। सभी को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। मेहनत के साथ ही माता सरस्वती की कृपा भी उतनी आवश्यक है। मां सरस्वती हमेशा सफेद वस्त्रों में होती हैं। इसके दो संकेत हैं पहला यह कि हमारा ज्ञान निर्मल हो, विकृत न हो, अहंकारमुक्त हो। जो भी ज्ञान अर्जित करें वह सकारात्मक हो। दूसरा संकेत हमारे चरित्र को लेकर है। कोई दुर्गुण हमारे चरित्र में न हो। मां ने शुभ्रवस्त्र धारण किए हैं, ये शुभ्रवस्त्र हमें प्रेरणा देते हैं कि हमें अपने भीतर सत्य, अहिंसा, क्षमा, सहनशीलता, करुणा, प्रेम व परोपकार आदि सद्गुणों को बढ़ाना चाहिए और क्रोध, मोह, लोभ, मद, अहंकार आदि का परित्याग करना चाहिए। मां सरस्वती को पीले रंग प्रिय है, मान्यतानुसार पीला रंग सुख-समृद्धि और ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। पीला रंग बसंत पंचमी का मुख्य प्रतीक है। पीले रंग को सरस्वती मां का प्रिय रंग भी कहा जाता है। पीले फूलों को मां पर अर्पित किया जाता है, पीले रंग की साज-सज्जा की जाती है और पीले रंग के चावल माता को भोग में चढ़ाने शुभ माने जाते हैं।

बसंत पंचमी एक उत्सव ही नहीं बल्कि एक प्रेरणा भी है। बसंत पंचमी सिखाती है कि पुराने के अंत के साथ ही नए का सृजन भी होता है। असल में अंत और शुरूआत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। बसंत ऋतु के आने से पहले पतझड़ का उदास मौसम होता है, लेकिन बसंत पंचमी के साथ ही बसंत ऋतु भी दस्तक देती है और बसंत ऋतु में पतझड़ से खाली हुए पेड़ पौधों में फिर से एक चमक, एक सुंदरता उतर आती है। जीवन का दस्तूर भी कुछ ऐसा ही है। पतझड़ की तरह खालीपन आता है लेकिन सब्र का दामन ना छोड़ें तो बसंत की बहार भी आती है। पूरे मन एवं आस्था से सरस्वती की पूजा एवं साधना करें ताकि आपकी वाणी मधुर हो, स्मरण शक्ति तीव्र हो, सौभाग्य की प्राप्ति हो, विद्या की प्राप्ति हो। सरस्वती पूजा से पति-पत्नी और बंधुजनों का कभी वियोग नहीं होता है तथा दीर्घायु एवं निरोगता प्राप्त होती है। इस दिन भक्तिपूर्वक ब्राह्मण के द्वारा स्वस्ति वाचन कराकर गंध, अक्षत, श्वेत पुष्प माला, श्वेत वस्त्रादि उपचारों से वीणा, अक्षमाला, कमण्डल, तथा पुस्तक धारण की हुई सभी अलंकारों से अलंकृत सरस्वती का पूजन करें।

बसंत पंचमी के साथ, बसंत ऋतु की शुरूआत होती है, जो फसलों की कटाई के लिए एक अच्छा समय है। फाग के राग की शुरूआत भी इसी दिन होती है। फाल्गुन का अर्थ ही है मधुमास। वो ऋतु जिसमें सर्वत्र माधुर्य ही माधुर्य हो, सौन्दर्य ही सौन्दर्य हो। वृक्ष नये पत्तों से सज गये हो, कलियां चटक रही हों, कोयल गा रही हो, हवाएं बह रही हो। ऐसे मधुर मौसम में सरस्वती पूजन वसंत की शुचिता एवं सिद्धि का प्रतीक है, एक ऊर्जा है, एक शक्ति है, एक गति है। लोकमन के आह्लाद से मुखरित वसंत ही महक और फाल्गुनी बहक के स्वर इसका लालित्य है, यही इस त्योहार की परम्परा का आह्वान है, यही इसका अलौकिक सौन्दर्य है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, ऐसा माना जाता है कि भगवान ब्रह्मा ने इसी दिन ब्रह्मांड का निर्माण किया था। सृष्टि की रचना करके जब उन्होंने संसार में देखा तो उन्हें चारों ओर सुनसान निर्जनता एवं नीरसता ही दिखाई दी। वातावरण बिल्कुल शांत एवं नीरस लगा जैसे किसी की वाणी ही न हो। यह सब देखने के बाद ब्रह्माजी संतुष्ट नहीं थे तब ब्रह्माजी ने भगवान विष्णुजी से अनुमति लेकर अपने कमंडल से पृथ्वी पर जल छिड़का। जल छिड़कने के बाद एक देवी प्रकट हुई। देवी के हाथ में वीणा थी। भगवान ब्रह्मा ने उनसे कुछ बजाने का अनुरोध किया ताकि पृथ्वी पर सब कुछ शांत न हो। परिणामस्वरूप, देवी ने कुछ संगीत बजाना शुरू कर दिया। तभी से उस देवी को वाणी, वीणा और ज्ञान की देवी सरस्वती के नाम से जाना जाने लगा। उन्हें वीणावादिनी के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि देवी सरस्वती ने वाणी, बुद्धि, बल और तेज प्रदान किया। इसीलिये बसंत पंचमी का सांस्कृतिक और धार्मिक दोनों ही महत्व है। यह ज्ञान, संगीत, कला, सौंदर्यशास्त्र की देवी सरस्वती का त्योहार है। महाभारत के शांति पर्व में उन्हें वेदों की माता कहा गया है। वह अज्ञानता, अविद्या और अंधकार को दूर कर गर्मी, चमक, प्रकाश, माधुर्य, सद्भाव, पवित्रता और प्रसन्नता का संचार करती है।

(यह लेखक के व्य??क्तिगत ?विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अ?निवार्य नहीं है)

संपादकीय

राहुल की दलित नीति

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी जब भी कुछ कहते हैं तो वह बहुत से लोगों को बहुत तरह से सोचने का मसाला भी दे देते हैं। कभी-कभी इतना अटपटा बोल देते हैं कि वह गैर कांग्रेसियों के बीच मजाक बन जाते हैं और फिर पूरी कांग्रेस को क्षतिपूर्ति के अनुष्ठान में लग जाना पड़ जाता है। चाहे उनका लोक सभा चुनाव के दौरान दिया गया शक्ति वाला बयान हो या हरियाणा चुनाव के दौरान दिया गया जलेबी के कारखाने वाला बयान हो। वह प्रायः अपने बयानों की गंभीरता को बनाए नहीं रख पाते। इस बार उन्होंने एक बार फिर अपनी पार्टी को कठघरे में खड़ा कर दिया है। दलित बुद्धिजीवियों के सम्मेलन में आमंत्रित वक्त के रूप में उन्होंने कहा कि जब तक दलित और पिछड़े कांग्रेस के साथ थे तब तक आरएसएस सत्ता से दूर रहा, लेकिन 1990 के बाद यानी नरसिंह राव के शासनकाल में कांग्रेस दलित और पिछड़ों को अपने साथ जोड़कर नहीं रख सकी। अब वह कांग्रेस की इस गलती को सुधारना चाहते हैं। दलित और पिछड़ों की भागीदारी बढ़ाने के लिए कांग्रेस के भीतर ही क्रांति करेंगे। आशा यह है कि दलित-पिछड़ों को अपनी पार्टी में जगह देकर दलित-पिछड़े समूह को अपनी पार्टी से जोड़ेंगे और अपना खोया हुआ जनाधार फिर से प्राप्त करेंगे और उनके बल पर संघ और भाजपा को सत्ता से बाहर करेंगे। इसके लिए उन्होंने यह आशंका भी जताई है कि अपनी पार्टी में विरोध भी सहना पड़ सकता है लेकिन वह इस इरादे को पूरा करने के लिए किसी की भी नहीं सुनेंगे। यह हास्यास्पद स्थिति है कि कांग्रेस का शीर्षस्थ नेता एक नीतिगत प्रश्न को एक सामान्य बैठक में इस तरह से प्रस्तुत करे। पहले उन्हें अपनी पार्टी के भीतर यह बात रखनी चाहिए थी पार्टी में दलित और पिछड़ों को क्या जगह दी जाए, कैसे दी जाए इसकी प्रक्रिया तय करनी चाहिए थी और जब एक स्पष्ट रणनीति निर्धारित हो जाती तो उसे जनता के सामने स्पष्टतः रखना चाहिए था। उन्हें यह भी समझना चाहिए था कि जो दलित और पिछड़े समूह स्वयं शक्तिशाली होकर इस या उससे गठजोड़.करने की स्थिति में हैं, वे राहुल गांधी की कृपा पर क्यों रहेंगे। लेकिन राहुल गांधी तो राहुल गांधी हैं। अब उनकी पार्टी तय करेगी कि उनके इस नीति वक्तव्य का वह क्या करे।

चिंतन-मनन

पशुवध निंदनीय-दंडनीय कर्म

सतोगुण में किये गये पुण्यकर्मो का फल शुद्ध होता है, अतएव वे मुनिगण, जो समस्त मोह से मुक्त हैं, सुखी रहते हैं। लेकिन रजोगुण में किये गये कर्म दुख का कारण बनते है। भौतिक सुख के लिए जो भी कार्य किया जाता है, उसका विफल होना निश्चित है। उदाहरणार्थ, यदि कोई गगनचुम्बी प्रासाद बनवाना चाहता है, तो उसके पूर्व अत्यधिक कष्ट उठाना पड़ता है। मालिक को धन-संग्रह के लिए कष्ट उठाना पड़ता है और प्रासाद बनाने वाले श्रमिकों को श्रम करना होता है। अतएव भगवद्गीता का कथन है कि रजोगुण के अधीन होकर जो भी कर्म किया जाता है, उसमें निश्चित रूप से महान कष्ट भोगने होते हैं।

इससे यह मानसिक तृप्ति हो सकती है कि मैंने यह मकान बनवाया या इतना धन कमाया, लेकिन यह वास्तविक सुख नहीं है। जहां तक तमोगुण का सम्बन्ध है, कर्ता को कुछ ज्ञान नहीं रहता, अतएव उसके समस्त कार्य उस समय दुखदायक होते हैं और बाद में उसे पशु जीवन में जाना होता है। पशु जीवन सदैव दुखमय है, यद्यपि माया के वशीभूत होकर वे इसे समझ नहीं पाते। पशुओं का वध भी तमोगुण के कारण है। पशु-बधिक यह नहीं जानते कि भविष्य में इस पशु को ऐसा शरीर प्राप्त होगा, जिससे वह उनका वध करेगा। यही प्रकृति का नियम है। मानव समाज में यदि कोई किसी मनुष्य का वध कर दे तो उसे प्राणदंड मिलता है।

यह राज्य का नियम है। अज्ञानवश लोग अनुभव नहीं करते कि संसार परमेश्वर द्वारा नियंत्रित एक पूरा राज्य है। प्रत्येक जीवित प्राणी परमेश्वर की संतान है और उन्हें एक चींटी तक का मारा जाना सह्य नहीं हैं। इसके लिए मनुष्य को दंड भोगना पड़ता है। अतएव स्वाद के लिए पशु-वध में रत रहना घोर अज्ञान मनुष्य को पशुओं के वध की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि ईश्वर ने अनेक अच्छी वस्तुएं प्रदान की हैं। यदि कोई किसी कारण मांसाहार करता है, तो यह समझना चाहिए कि वह अज्ञानवश ऐसा कर रहा है और अपने भविष्य को अंधकारमय बना रहा है।

बजट भाषण उपरांत शेयर बाजार गिरने के निहितार्थ

डॉ हिदायत अहमद खान

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट 2025-26 पेश कर दिया है। इसे लेकर जहां सत्ता पक्ष खासा खुश है तो वहीं विपक्ष इसे आंकड़ों की जादूगरी बताकर इसकी आलोचना भी कर रहा है। आरोप तो यह भी है कि यह बजट बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए बिहार केंद्रित कर दिया गया। ज्यादातर योजनाओं के जरिये बिहार को बहुत कुछ उपलब्ध कराने की बात कही जा रही है। इससे पहले की बात करें तो संसद में बजट पेश होता उससे पहले शेयर बाजार सकारात्मक रुख के साथ खुला, लेकिन बजट भाषण जैसे ही खत्म हुआ इसमें गिरावट देखने को मिली। इससे संदेश यह गया कि बजट में शेयर बाजार और निवेशकों के लिए कुछ खास नहीं है। इस कारण बाजार में गिरावट देखने को मिली है। विशेष रूप से रक्षा क्षेत्र के शेयरों में 9 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई, जिसका प्रमुख कारण बजट में रक्षा क्षेत्र को अपेक्षाकृत कम आवंटन बताया जा रहा है। एचएएल, बीईएल और बीएचईएल जैसी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों और निजी रक्षा कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आ गई। इस बजट में सरकारी पूंजीगत व्यय में मामूली बढ़ोतरी की गई है, जिससे यह 11.2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। हालांकि, यह निवेशकों की अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रहा, जिससे बाजार में नकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली। वहीं, एफएमसीजी, ऑटोमोबाइल और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर को इस बजट से सकारात्मक लाभ मिलने की संभावना है, जिससे इन क्षेत्रों के शेयरों में मजबूती देखी जा सकती है। वैसे सत्ता पक्ष ने इस बजट को टैक्स सुधार की श्रेणी में रखते हुए आम जनता को राहत देने वाले बजट के तौर पर प्रस्तुत किया है। वित्त मंत्री सीतारमण ने अपने बजट भाषण के दौरान नए इनकम टैक्स बिल का ऐलान किया है, जिसे अगले हफ्ते संसद में पेश किया जाएगा। इस नए टैक्स स्ट्रक्चर के तहत, 12 लाख रुपये तक की आमदनी पर सशर्त कोई टैक्स नहीं लगेगा। दरअसल बिना किसी निवेश के 0-4 तक की आय में कोई टैक्स नहीं देना होगा, जबकि 04-8 लाख रुपये तक की आय पर 5 फीसदी टैक्स लगेगा, 8 से 12 लाख रुपये तक आमदनी पर 10 फीसदी टैक्स देना होगा। यदि निवेश किया जाता है तो 12 लाख रुपये तक की आमदनी पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। वहीं 12-16 लाख तक की आय पर 15 फीसदी टैक्स, 16-20 लाख तक की आय पर 20 फीसदी टैक्स और 20 से 24 लाख रुपये तक की आय पर 25 फीसदी टैक्स के साथ ही 24 लाख रुपये से अधिक की आमदनी पर 30 फीसदी टैक्स देना होगा। इसके अलावा बुजुर्गों के लिए टैक्स में राहत दी गई है, जिसमें टीडीएस की सीमा को बढ़ाकर 1 लाख रुपये तक कर दिया गया है। वहीं टीसीएस की सीमा को भी 7 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये किया गया है। इस प्रकार टैक्स में नयापन लाने और आमजन को लाभ पहुंचाने का प्रयास जरुर किया गया है। सरकार का उद्देश्य कर ढांचे को सरल और पारदर्शी बनाना है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग टैक्स भुगतान के प्रति जागरूक हों। इन सुधारों से करदाताओं को राहत मिलेगी और उनकी क्रय शक्ति में वृद्धि होगी। गौरतलब है कि बजट पेश किए जाने से पहले तक यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि सरकार नई टैक्स प्रणाली को अधिक बढ़ावा देगी और कर ढांचे में संभावित बदलाव कर सकती है। करदाताओं को उम्मीद थी कि नए स्लैब के तहत टैक्स दरों में कुछ संशोधन किए जाएंगे, जिससे उनकी कर देनदारी कम होगी और बचत बढ़ेगी। हालांकि, बजट के बाद शेयर बाजार की नकारात्मक प्रतिक्रिया यह दशार्ती है कि अनेक क्षेत्रों की सरकार से जो अपेक्षाएं थीं वो पूरी नहीं हो सकी हैं। बजट में घोषित इन बदलावों से जहां एक ओर बचत को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर उपभोक्ताओं की खर्च करने की क्षमता भी बढ़ेगी। खासतौर पर मध्यम वर्ग और कम आय वर्ग के लोगों को राहत मिलेगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है। हालांकि, निवेशकों को सरकार की नीतियों से और अधिक स्पष्टता की उम्मीद थी, खासकर रक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर और विनिर्माण क्षेत्रों में। बहरहाल कहा जा सकता है कि यह बजट कुछ क्षेत्रों को लाभ पहुंचाता है, जबकि कुछ अन्य सेक्टर इससे प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकेंगे। वित्त मंत्री सीतारमण का यह बजट आम जनता के लिए राहत देने वाला साबित हो सकता है, लेकिन शेयर बाजार में तुरंत इसका सकारात्मक प्रभाव नहीं दिखा, जो वाकई चिंतनीय है। बाजार की दीर्घकालिक प्रतिक्रिया इस बात पर निर्भर करेगी कि सरकार बजट के क्रियान्वयन में कितनी प्रभावी साबित होती है।

राजनीतिः दिल्ली में किसकी सरकार

अमरेंद्र कुमार राय

दिल्ली में पांच फरवरी को मतदान है, और आठ तारीख को नतीजों की घोषणा। तीन तारीख तक चुनाव प्रचार बंद हो जाएगा। बावजूद इसके कोई भी बताने की स्थिति में नहीं है कि दिल्ली में किसकी सरकार बनने जा रही है। इसकी कुछ वजहें हैं। जो कुछ पिछले लोक सभा चुनाव, हरियाणा विधानसभा चुनाव और उससे भी बढ़ कर महाराष्ट्र चुनाव में हुआ, उसके बाद किसी की हिम्मत नहीं हो रही है कि खुल कर बता दे कि दिल्ली में किसकी सरकार बनने जा रही है। किसको कितनी सीटें मिल रही हैं।

इससे पहले आप ने देखा था कि चुनाव से बहुत पहले से कई सर्वे एजेंसियां बताने लगती थीं कि अमुक पार्टी या गठबंधन को बढ़त है, और फलां को इतनी सीटें मिल रही हैं। लोक सभा चुनावों में कुछ एजेंसियों ने बीजेपी के अकेले 350 से ज्यादा सीटें जीतने की घोषणा की लेकिन बीजेपी 240 पर ही अटक गई। बाद में यह भी सामने आया कि चुनाव आयोग ने खेल न किया होता, निष्पक्ष चुनाव हुए होते तो बीजेपी की सीटों की संख्या 180 पर सिमट गई होती। हरियाणा के चुनाव में कोई सर्वे एजेंसी नहीं कह रही थी कि बीजेपी जीत भी सकती है, बल्कि वे कांग्रेस की बंपर जीत और बीजेपी की बुरी हार का दावा कर रही थीं। लेकिन नतीजे बिल्कुल विपरीत आए। बीजेपी ने 48 सीटें जीत कर रिकॉर्ड बना दिया। 2014 के चुनावों में जब नरेन्द्र मोदी की आंधी चल रही थी तब भी बीजेपी हरियाणा में 45 सीटें पार नहीं कर पाई थी। 2019 के चुनाव में तो वह 40 सीटों पर ही सिमट गई थी। लेकिन 2024 में उसकी निश्चित हार, वह भी बुरी तरह दिख रही थी, के आकलन के बावजूद उसने 48 सीटें जीत कर रिकॉर्ड बना दिया। महाराष्ट्र में तो और भी बुरा हाल हुआ। कुछ महीने पहले हुए लोक सभा चुनाव में जिस कांग्रेस, शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट और एनसीपी शरद पवार वाले गुट ने एनडीए को बुरी तरह पटखनी दी थी, वह विधानसभा चुनाव में बुरी तरह हार गया। कहां तो इनके दो सौ सीटें जीतने की भविष्यवाणी की जा रही थी और कहां ये सब मिल कर पचास सीटें भी नहीं पा सके। इसमें भी चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठे। माना जा रहा है कि हरियाणा और महाराष्ट्र में जनता की जीत नहीं, बल्कि चुनाव आयोग के खेल की जीत है। इसीलिए अब हर सर्वे एजेंसी दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीती जाने वाली सीटों की संख्या घोषित करने में घबरा रही है।

बहरहाल, दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर तीन बातें कही जा रही हैं। एक यह कि जमीन पर आम आदमी पार्टी (आप) मजबूत है और बाकी पार्टियों पर बढ़त बनाए हुए है। इसकी सीटों की संख्या पिछले दो विधानसभा चुनावों की तुलना में कम जरूर हो जाएगी लेकिन सरकार बनाने लायक बहुमत आसानी से पा जाएगी। दूसरी बात यह कही जा रही है कि पिछले दस साल सरकार चलाने के बाद लोगों में आप को लेकर नाराजगी है, और इस बार वे सरकार बदलने के मूड में हैं, और इसका लाभ बीजेपी को मिल सकता है। तीसरी बात यह है कि पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पांच प्रतिशत से भी कम पर सिमट गई थी। इस बार वह जोर लगा रही है। इसलिए अपने वोटों का प्रतिशत बढ़ा कर दस के आसपास कर सकती है। इससे उसकी सीटों का खाता तो शायद न खुले लेकिन निराशा से वह जरूर बच सकती है। वह अपने कार्यकताओं को सपना दिखा सकती है कि इस बार हम वोट बढ़ा सकते हैं तो आगे जीत कर सरकार भी बना सकते हैं। कुछ लोग बीजेपी की जीत और आप की हार में कांग्रेस के वोटों में बढ़ोतरी ही देख रहे हैं।

कुछ कांग्रेस समर्थकों की यह भी सोच है कि मुस्लिम और दलितों में कांग्रेस के प्रति रुझान है। ये दोनों वर्ग मिला कर दिल्ली की आबादी में 30 प्रतिशत हैं। अगर इन दोनों वर्गों ने कांग्रेस का साथ दिया और राहुल गांधी ने आक्रामक प्रचार किया तो कांग्रेस 15 प्रतिशत के आसपास वोट भी पा सकती है, विधानसभा चुनाव में वह आठ-दस सीटें भी जीत सकती है, और ऐसा हुआ तो त्रिशंकु विधानसभा आएगी और फिर कांग्रेस दिल्ली में पुनर्जीवित हो उठेगी। हालांकि इसकी संभावना न के बराबर है। हर चुनाव के बाद खासकर बीजेपी की जीत का एक नरेशन गढ़ा जाता है। जैसे हरियाणा के नतीजों के बाद नरेशन गढ़ा गया कि लोक सभा चुनाव में संघ ने बीजेपी के लिए काम नहीं किया था। हरियाणा के चुनाव में उसने काम किया और हारी बाजी जीत में पलट दी। कांग्रेस की गुटबाजी को भी उसकी हार की वजह बताया गया। महाराष्ट्र के चुनावों में महिलाओं को बांटे जाने वाले रुपये को जीत का आधार बताया गया। उसे सही ठहराने के लिए झारखंड और मध्य प्रदेश की महिलाओं के लिए चलाई गई योजनाएं और उनके नतीजे सामने रखे गए। आपको याद होगा कि गुजरात विधानसभा के पिछले चुनाव में बीजेपी ने रिकॉर्ड जीत हासिल की थी। तब नरेशन गढ़ा गया कि वहां आप ने कांग्रेस के ज्यादातर वोट काट लिए। इसलिए ऐसा नतीजा आया। तो दिल्ली में भी इसकी संभावना है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

DeepSeek's rise signals end of AI monopoly

In a remarkable turn of events, DeepSeek, a Chinese-developed artificial intelligence application, has rapidly ascended to the top of global tech discussions, shaking up the AI industry and posing unprecedented challenges to established giants.Its popularity has directly impacted the stock prices of major US tech companies, including Microsoft, Meta, Nvidia and Alphabet. Collectively, these companies have experienced a loss exceeding $1 trillion in market value. Nvidia saw its shares drop by 17.5 per cent, resulting in a $600-billion decline in market capitalisation.The President of the US, Donald Trump, described DeepSeek's advancements as a "wake-up call", underscoring the need for the US to be competitive in AI development. Industry leaders, including Microsoft CEO Satya Nadella and OpenAI CEO Sam Altman, acknowledged DeepSeek's achievements, with Altman calling the model "super impressive."So, what is this DeepSeek? DeepSeek is an advanced artificial intelligence project developed in China. It is based on the large language model (LLM) that leverages deep learning and transformer-based architecture to generate human-like text, perform reasoning tasks and enhance AI-driven applications. It has challenged the dominance of western AI models, such as OpenAI's GPT-4 and Google's Gemini.

DeepSeek was founded by Liang Wenfeng in May 2023 as a spin-off from High-Flyer AI, a hedge fund managing agent which is designed to leverage AI algorithms for trading financial instruments. The company remained largely unnoticed until it released a paper introducing an innovative load balancer for connecting elements within its mixture of experts (MoE) foundation model.

Later, during the holiday season, DeepSeek-AI unveiled the architectural details of its DeepSeek-V3 foundation model. It features 671 billion parameters — of which only 37 billion are active per generated token — and was trained on a dataset of 14.8 trillion tokens. On January 21, 2025, DeepSeek launched DeepSeek-R1, featuring two additional reinforcement learning stages and two supervised fine-tuning stages to improve reasoning.Large Language Models are massive transformer-based neural networks designed for solving the next-word prediction problem. The breakthrough for these models came in 2017, when the introduction of transformer architecture revolutionised text generation. These models are typically enormous, requiring substantial computational resources — often necessitating hundreds of thousands of graphics processing units (GPUs) — to undergo multiple training cycles, using vast amounts of text data sourced from across the internet. Through this iterative learning process, LLMs refine their ability to predict and generate text with increasing accuracy.

As AI research progressed, a race emerged among leading tech companies to develop ever-larger models, training them on increasingly extensive datasets to achieve superior performance. This race fostered the belief that AI supremacy depended on access to powerful computational infrastructure and larger models. Consequently, a market monopoly began to form, where only the wealthiest organisations with access to cutting-edge hardware could dominate AI advancements with their larger proprietary models.

